संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025
RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050

दैनिक घटती घटना

www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक - 84 शुक्रवार 24 जनवरी 2025 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# पिता के शव को दफनाने के लिए ली सुप्रीमकोर्ट की शरण

» दुख है,पिता को दफनाने के लिए बेटे को अदालत आना पड़ा...सुप्रीम कोर्ट ने क्यों कहा ऐसा

» सुप्रीम कोर्ट ने दफनाने के अधिकार पर सुनवाई की

» याचिकाकर्ता ने पिता को गांव में दफनाने की अनुमति मांगी

» हाई कोर्ट ने ईसाइयों के लिए कब्रिस्तान की कमी बताई

**नई दिल्ली,23जनवरी 2025 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट के 9 जनवरी 2025 के आदेश को चुनौती देने वाली विशेष अनुमति याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। हाई कोर्ट ने उस याचिका को खारिज कर दिया था, जिसमें याचिकाकर्ता ने अपने पादरी पिता (ईसाई) को छिंदवाड़ा के एक गांव के कब्रिस्तान में दफनाने की अनुमति मांगी थी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मृतकों को सम्मानपूर्वक दफनाने के अधिकार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए और उसने इस मुद्दे को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने पर जोर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने सवाल किया कि जिस व्यक्ति ने अपना पूरा जीवन गांव में बिताया, उसे वहां दफनाने की अनुमति क्यों नहीं दी जा सकती?

### कोर्ट ने सरकार की दलील पर जताई आपत्ति

जस्टिस नागरत्ना ने राज्य सरकार की इस दलील पर भी आपत्ति जताई कि गांव के कब्रिस्तान में धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्तियों को दफनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने राज्य और हाई कोर्ट की विफलता पर नाराजगी जताई और कहा, हमें दुख है कि एक व्यक्ति को अपने पिता को दफनाने के लिए सुप्रीम कोर्ट आना पड़ा। न तो पंचायत,न ही राज्य सरकार, और न ही हाई कोर्ट इस समस्या का समाधान कर सका। कोर्ट ने सुझाव दिया कि याचिकाकर्ता अपने पिता को अपनी निजी जमीन पर दफना सकते हैं, लेकिन इस पर राज्य ने आपत्ति जताई कि यह भूमि की पवित्रता को प्रभावित करेगा।







### संवेदनशील मुद्दे पर सुप्रीम नजीर का इंतजार

यह मामला मृतकों के सम्मानजनक अंतिम संस्कार के अधिकार, धार्मिक भेदभाव, और सार्वजनिक व्यवस्था से जुड़े संवैधानिक और सामाजिक मुद्दों को उठाता है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी भी की थी कि वह यह देखकर दुखी है कि एक व्यक्ति अपने पिता को ईसाई रीति-रिवाजों के अनुसार छत्तीसगढ़ के एक गांव में दफनाने के लिए शीर्ष अदालत तक पहुंचने को मजबूर हुआ क्योंकि अधिकारियों ने इस मुद्दे को सुलझाने में असफलता दिखाई। अब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है तो ऐसे में इस मामले में जो फैसला होगा वह नजीर बनेगा।

कोर्ट ने सुनवाई के बाद अपना निर्णय सुरक्षित रख लिया और कहा कि अंतिम निर्णय जल्द ही सुनाया जाएगा।
जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ के सामने राज्य की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए और कहा कि दफनाने के लिए ईसाई जनजातियों के लिए निर्धारित क्षेत्र का उपयोग किया जाना चाहिए।

### क्या है पूरा मामला?

याचिकाकर्ता एक ईसाई आदिवासी हैं, जिनके पिता का 7 जनवरी 2025 को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। परिवार ने अपने पिता के अंतिम संस्कार के लिए गांव में दफनाने की योजना बनाई थी लेकिन गांव के कुछ लोगों ने इसका हिंसक विरोध किया। इसके कारण शव 7 जनवरी से अब तक शवगृह (मर्चरी) में रखा हुआ है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि गांव छिंदवाड़ा में परंपरागत ग्राम पंचायत द्वारा कब्रिस्तान मौखिक रूप से ईसाई और अन्य जातियों के लिए विभाजित किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने यह कहते हुए राहत देने से इनकार कर दिया था कि गांव छिंदवाड़ा में ईसाइयों के लिए कोई अलग कब्रिस्तान नहीं है।

## महत्वपूर्ण खबर

### डीईओ निकला करोड़पति, विजिलेंस टीम ने मारी रेड



**बेतिया,23जनवरी 2025(ए)।** बेतिया जिले में शिक्षा विभाग के अफसर के घर से बड़ी तादाद में कैश बरामद किया गया है। बेतिया जिला शिक्षा पदाधिकारी के घर पर विजिलेंस की बड़ी कार्रवाई हुई, इस दौरान बड़ी मात्रा में कैश जब्त किया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी रजनीकांत प्रवीण के आवास पर विजिलेंस विभाग की छापेमारी चल रही है। पटना से आई विजिलेंस टीम सुबह से डीईओ से पूछताछ कर रही है. जांच में अब तक भारी मात्रा में कैश बरामद किया गया है।

### पूर्व सैनिक ने की हैवानियत की हदें पार




#### पत्नी की हत्या की,शव के टुकड़े कर कुकर में उबाला और फिर...

**हैदराबाद,23जनवरी 2025(ए)।** दिल्ली के श्रद्धा वाकर मर्डर केस ने पूरे देश को हैरान कर दिया था। ऐसे में ठीक इसी तरह का मामला अब तेलंगाना के हैदराबाद से आया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक शहर में एक पूर्व सैन्यकर्मी और वर्तमान में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहे व्यक्ति ने अपनी पत्नी की हत्या कर उसके शरीर के टुकड़ों को प्रेशर कुकर में उबाल दिया। जानकारी के अनुसार पुलिस ने 35 साल की महिला की हत्या के शक में उसके पति को गिरफ्तार किया।

### सुहागरात से पहले दुल्हन का हुआ वर्जिनिटी टेस्ट

#### ससुराल वालों पर केस दर्ज, इंदौर कोर्ट ने लिया सख्त एक्शन

**इंदौर,23 जनवरी 2025(ए)।** मध्य प्रदेश के इंदौर में एक महिला ने अपने ससुरालवालों के खिलाफ वर्जिनिटी टेस्ट करवाने की शिकायत दर्ज कराई है।



महिला ने आरोप लगाया कि उसकी शादी की रात ससुरालवालों ने उसे वर्जिनिटी टेस्ट के नाम पर मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न किया। इस मामले में इंदौर जिला कोर्ट ने इस प्रथा को पिछड़ी और अवैध मानते हुए केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

## नेताजी सुभाष चंद्र बोस के परिवार ने पीएम मोदी से की थी गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग

**नई दिल्ली,23जनवरी 2025(ए)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आज 128वीं जयंती है, जिसे पूरे देश में पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है। आजादी के महानायक नेताजी ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के दौरान अपने विचारों और नारों से देशभक्ति की अद्भुत ऊर्जा का संचार किया। उनके प्रसिद्ध नारे तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा, जय हिंद और दिल्ली चलो ने लाखों भारतीयों को प्रेरित किया। इनमें से जय हिंद का नारा राष्ट्रीय नारा बनकर हर भारतीय के दिल में बस गया। नेताजी का यह योगदान हमारी आजादी की कहानी का एक अमूल्य हिस्सा है।
इसी कड़ी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के भतीजे चित्तप्रिय बोस ने एक अहम किस्सा साझा किया, जिसमें उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी पहली मुलाकात और नेताजी से जुड़े रहस्यमयी





तथ्यों को उजागर करने की अपील की थी। चित्तप्रिय बोस ने बताया कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, उनके बड़े भाई, दो चचेरे भाइयों और एक चाची के साथ उन्होंने कोलकाता के राजभवन में पीएम मोदी से मुलाकात की थी। इस मुलाकात का उद्देश्य नेताजी की 18 अगस्त 1945 के बाद की गुमशुदगी को लेकर जांच शुरू करने की मांग करना था। चित्तप्रिय बोस ने बताया कि प्रधानमंत्री ने इस बात पर ध्यान दिया और कहा कि वह परिवार के अन्य सदस्यों से भी मिलना चाहेंगे। इसके लिए पीएम मोदी ने दिल्ली आने का न्योता देने की बात कही।

### दिल्ली में पीएम मोदी से हुई बड़ी मुलाकात

हालांकि, पीएमओ से कोई निमंत्रण न मिलने पर, परिवार ने 50 सदस्यों का एक प्रतिनिधिमंडल तैयार किया और 7, रेस कोर्स रोड (अब लोक कल्याण मार्ग) पर जाकर पीएम मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री से नेताजी से जुड़े गोपनीय दस्तावेज़ों को सार्वजनिक करने की मांग की। इस मुलाकात के बाद पीएम मोदी ने दस्तावेज़ों को सार्वजनिक करने की प्रक्रिया शुरू करने की आधिकारिक घोषणा की।

## आदिवासी युवती की हत्या कर शव के 50 टुकड़े किए

### सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी को जमानत देने से किया इनकार

**रांची,23जनवरी 2025(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड के साहिबगंज में आदिवासी युवती रेबिका पहाड़िन की हत्या के बाद उसके शव के 50 से ज्यादा टुकड़े करने की वारदात के आरोपी मो. मुस्तकिम अंसारी को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी और जस्टिस सतीश चंद्र की बेंच ने गुरुवार को



आरोपी की ओर से दायर याचिका खारिज कर दी।

## राम गोपाल वर्मा को हुई तीन महीने की जेल



### गैर-जमानती वारंट जारी

**मुंबई,23जनवरी 2025(ए)।** मशहूर फिल्म निर्माता राम गोपाल वर्मा को मुंबई की अंधेरी मजिस्ट्रेट कोर्ट ने सात साल पुराने चेक बाउंस मामले में दोषी पाते हुए तीन महीने की जेल की सजा सुनाई है। अदालत ने उनके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया है। यह फैसला उनकी आगामी फिल्म ÷सिंडिकेट÷ की घोषणा से एक दिन पहले सुनाया गया।

## 34 अवैध इमारतों पर चला बुलडोजर

**पालघर,23जनवरी 2025(ए)।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के नालासोपारा में हाई कोर्ट के आदेश पर गुरुवार को 34 अवैध इमारतों को ध्वस्त कर दिया गया। इस दौरान इलाके में पोकलेन, जेसीबी और सुरक्षाबलों के 400 जवान तैनात थे।जिले के नालासोपारा पूर्व की अग्रवाल नगरी स्थित लक्ष्मी नगर में डंपिंग ग्राउंड और एसटीपी के लिए आरक्षित जमीन पर 41 अवैध इमारतें खड़ी कर ली गई थीं। हाई कोर्ट के आदेश और सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप से इनकार के बाद वसई विरार शहर महानगरपालिका ने सात इमारतों को पहले ही गिरा दिया था। शेष 34 इमारतों को गुरुवार को ध्वस्त किया गया।मौके पर तैनात एसीपी उमेश माने



पाटील ने बताया, हाईकोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार महानगर पालिका के तहत अवैध इमारतों के तोड़े जाने की कार्रवाई आज हो रही है। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए करीब 50 पुलिस के जवानों का तैनात किया गया है। इसमें पुलिस के बड़े अधिकारी और कांस्टेबल भी हैं। महाराष्ट्र सुरक्षाबल के जवान भी मौजूद हैं। वसई विरार शहर महानगरपालिका के सहायक आयुक्त मोहन संखे ने बताया, इसके पहले सात अवैध इमारतों को तोड़ा जा चुका है, बाकी 34 अवैध इमारतों पर आज कार्रवाई हो रही है। अवैध इमारतों को गिराने के लिए पोकलैंड, जेसीबी और किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए 400 जवानों की तैनाती की गई है।

## रॉ-जूट की एमएसपी में बढ़ोत्तरी से लाखों किसानों को मिलेगा लाभ:पीएम मोदी

**नई दिल्ली,23जनवरी 2025(ए)।** केंद्र सरकार ने कच्चे जूट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य



(एमएसपी) में बढ़ोतरी की है। पीएम मोदी ने केंद्र सरकार के इस फैसले की सराहना करते हुए कहा कि इसका सीधा लाभ लाखों किसानों को मिलने वाला है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, देशभर के जूट उत्पादक किसान भाई-बहनों के हित में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए रॉ जूट की एमएसपी में बढ़ोतरी को मंजूरी दी गई है। इससे पश्चिम बंगाल सहित देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा।

## यहां मुर्दों के सिर हो रहे गायब

**पटना,23जनवरी 2025(ए)।** बिहार के भागलपुर के सन्हौला प्रखंड में कब्रिस्तान में कब्रों को खोदकर शवों का सिर गायब किए जाने के मामले सामने आने से सनसनी मच गई। ये घटना प्रखंड क्षेत्र के फाजीलपुर सकरामा पंचायत के अशरफ नगर गांव के उत्तर में स्थित बहियार के पास कब्रिस्तान की है। यहां पर कई कब्रें खोदी हुई मिली हैं। इन कब्रों के अंदर गाड़े गए शव के



सिर गायब हैं, जिसके बाद लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। असरफनगर में तस्कर कब्र की इस कदर खुदाई करते हैं कि सिर्फ सिर तरफ का हिस्सा ही निकलता है। ग्रामीणो की मानें तो ऐसा कुकृत्य उस इलाके में पांचवी बार हो चुका है।

## कपिल शर्मा सहित तीन कलाकारों को भी मिली जान से मारने की धमकी



### पाकिस्तान से आया ईमेल

**मुंबई,23 जनवरी 2025(ए)।** भारत के मशहूर कॉमेडियन कपिल शर्मा, एक्टर राजपाल यादव, सुगंधा मिश्रा और डांसर-कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा से जुडी बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल हाल ही में इन चारो कलाकारों को धमकी भरा ईमेल मिला है। यह ईमेल कथित रूप से पाकिस्तान से भेजा गया था, और इसमें इन स्टार्स के साथ-साथ उनके करीबी रिश्तेदारों को भी धमकी दी गई थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज की और इस मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, धमकी में कहा गया था कि यदि इन सितारों से आठ घंटे के भीतर जवाब नहीं आया, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ईमेल भेजने वाले व्यक्ति ने खुद को विष्णु बताते हुए कहा, हम किसी पब्लिसिटी स्टंट के तहत यह नहीं कर रहे हैं, हम तुम्हारी सारी एक्टिविटी की जानकारी रखते हैं, और हम 8 घंटे के अंदर प्रतिक्रिया की उम्मीद करते हैं। जांच में यह सामने आया कि ईमेल पाकिस्तान से भेजा गया था। मुंबई की अंबोली पुलिस ने इस मामले में आईपी एड्रेस के आधार पर केस दर्ज किया है और मामले की गहनता से जांच जारी है।




## एसटीएफ इंस्पेक्टर ने चार अपराधियों को किया ढेर

### पेट में लगी तीन गोली, अस्पताल में हार गए जिंदगी की जंग...

**शामली,23 जनवरी 2025(ए)।** उत्तर प्रदेश के शामली जिले में विशेष कार्य बल के इंस्पेक्टर सुनील कुमार की शहादत ने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर दिया है। बुधवार को हुई एक मुठभेड़ के दौरान स्ज्ञस्न टीम ने 4 कुख्यात अपराधियों को ढेर किया, जिनमें एक लाख रुपये का इनामी अरशद भी शामिल था। हालांकि, इस मुठभेड़ में इंस्पेक्टर सुनील कुमार को गंभीर रूप से घायल होने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। मुठभेड़ शामली के झिंझाना क्षेत्र में हुई, जहां एसटीएफटीम ने मुस्तफा कग्गा गैंग के अपराधियों को घेर लिया। खुफिया जानकारी मिली थी कि यह गैंग एक बड़ी लूट को अंजाम देने के लिए इलाके में पहुंच चुका था।

## मुख्यमंत्री को मानव बम से उड़ाने की धमकी



### खालिस्तानी आतंकी पन्नू के निशाने पर

**गुरूदासपुर,23 जनवरी 2025(ए)।** खालिस्तानी आतंकी और सिख फॉर जस्टिस चीफ गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान को जान से मारने की धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो जारी कर कहा कि भगवंत सिंह मान का हाल पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह जैसा होगा। उसे भी बम से उड़ा देंगे। पन्नू ने कहा कि भगवंत मान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर फरीदकोट के नेहरू स्टेडियम में झंडा फहराने वाले हैं। यहां उसने खालिस्तानी नारे लिखवाए हैं। सिख युवा तिरंगा हाथ में न लें। वे सिर्फ खालिस्तान का झंडा ही पकड़ें।

# संपादकीय

## भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि समय आ गया है कि अपराध करने के बाद देश फरार भगोड़ों को पकडऩे और उन्हें न्याय के कठघरे में लाने के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल करे।केंद्रीय जांच ब्यूरो द्वारा विकसित भारतपोल पोर्टल लॉन्च करते हुए शाह ने कहा कि इससे देश की हर जांच एजेंसी और पुलिस बल सरलता से इंटरपोल के साथ जुड़ कर जांच को रफ्तार दे सकेगा।मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नये आपराधिक कानूनों में आरोपियों की अनुपस्थिति में ट्रायल के प्रावधान को जोडऩे की चर्चा करते हुए उन्होंने हथियारों और मादक पदाथरे व मानव तस्करी और सीमापार होने वाले आतंकवाद के खिलाफ नई व्यवस्था को सहायक बताया।भारतपोल के पांच प्रमुख प्रारूप कनेक्ट, इंटरपोल नोटिस, रेफरेंस, ब्राडकास्ट और रिसोर्स के माध्यम से कानून प्रवर्तन एजंसियों के लिए तकनीकी रूप से मददगार साबित होने की उम्मीद है। इसके 195 देशों के इंटरपोल से ब्राडकास्ट के जरिए सीधा जुडऩे से दस्तावेज और जरूरी जानकारियों का लेन-देन आसान हो जाएगा।इसकी विशेषता रिअल टाइम इंटरफेस भी है जो सीधा संवाद स्थापित करेगी। अब तक सीबीआई, आईएओ और यूओ के बीच संचार ई-मेल तथा फैक्स द्वारा ही संभव था। अंतरराष्ट्रीय डाटा सुरक्षित रखने, रेडकॉर्नर नोटिस और अन्य कानूनी नोटिसों के आदान-प्रदान में सहूलियत के साथ ही इंटरपोल के उन्नीस प्रकार के डाटाबेस का विश्लेषण तथा अपराधियों को पकडऩे की व्यवस्था हो सकेगी।भगोड़े अपराधियों को देश वापस लाने में सरकार को लोहे के चने चबाने पड़ रहे हैं जिससे न केवल देशवासियों के समक्ष, बल्कि अंतरराष्ट्रीय जगत में भी कानूनी पकड़ और न्याय-व्यवस्था को लेकर सवालिया निशान लगते रहते हैं। कड़े कानूनों का लाभ तभी है, जब विदेश में छिपे घोषित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें सजाएं दी जा सकें।भगोड़ों को पकड़ कर देश वापस लाने के मोदी सरकार के दावों की लंबे समय से फजीहत होती रही है। तय रूप से शाह इस स्थिति से निकलने के प्रति गंभीर होंगे। बेहतरीन होती विदेश नीति का फायदा लेते हुए सरकार को उच्च तकनीक के मार्फत दुनिया भर के भगोड़े अपराधियों के खिलाफ मुहिम चलाने में आसानी होगी।हैकर्स और जालसाजों द्वारा अति गोपनीय जानकारी में सेंध लगाने की गुंजाइश पर भी नजर रखी जा सकेगी।

राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आज विशेष

# बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर



रमेश सर्राफ धमोरा
झुंझुनू,राजस्थान

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियों उसके आगे बढ़ने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है। देखा जाय तो अगर समाज में




बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़कों से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े-लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लड़का-लड़की में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया।

भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये।

हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

# नकली दुनिया की पोल खोलता आईआईटी बाबा अभय सिंह



डॉ सत्यवान सौरभ
बड़वा (सिवानी)
भिवानी,हरियाणा

» युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की यात्रा पर आईआईटी बाबा अभय सिंह

» जो शून्य हैं वही शिव से मिल सकते हैं...

» कहाँ जाओगे, चलते-चलते ? यहीं आओगे

एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली, आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है? और फिर मुझे समझ में आया कि बचपन का सदमा शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे, वहीं दूसरे लोग उन्हें नज़रअंदाज़ कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है। उनके पास सब कुछ था: सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा,सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फ़ैसला किया। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस बार उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया। वे सही कहते हैं कि बहुत से माता-पिता केवल अपने बच्चों को जन्म देते हैं और उनके पालन-पोषण के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आईआईटी,आईआईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं।

एक दिन जब मैंने आईआईटी बाबा अभय सिंह का वीडियो देखा तो मेरा नज़रिया पूरी तरह बदल गया। मान लीजिए कि आपके पास सब कुछ है: आईआईटी बॉम्बे की डिग्री, एक आशाजनक एयरोस्पेस इंजीनियरिंग करियर और एक ऐसा जीवन जिसकी ज़्यादातर लोग सिर्फ़ कल्पना कर सकते हैं। लेकिन हमेशा की तरह चलने के बजाय, उन्होंने ऐसा चुनाव किया जिसने सभी को चौंका दिया। उन्होंने ज़्यादा आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए सब कुछ त्याग दिया। पहले तो मुझे यक़ीन ही नहीं हुआ कोई इतना उज्ज्वल भविष्य क्यों छोड़ेगा? लेकिन जैसे-जैसे मैंने उन्हें बात करते सुना, सब कुछ समझ में आने लगा। उन्होंने जीवन में एक वास्तविक उद्देश्य, शांति और अर्थ खोजने के महत्त्व पर चर्चा की ऐसी चीज़ें जिन्हें कोई भी धन या सफलता कभी नहीं खरीद सकती। यह एक शक्तिशाली कहानी थी। इसने मुझे यह एहसास दिलाया कि जीवन सिर्फ़ समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने या भीड़ का अनुसरण करने के बारे में नहीं है, बल्कि अपना रास्ता खोजने के बारे में है। मैंने पहले सोचा, एक आईआईटीयन इतना मूर्ख कैसे हो सकता है कि अपनी उच्च-भुगतान वाली, आलीशान नौकरी छोड़ दे? वह अपनी दो डिग्रियाँ कैसे बर्बाद कर सकता है? और फिर मुझे समझ में आया कि बचपन का सदमा शब्द बहुत सारे नकारात्मक अर्थ रखता है। उनके साक्षात्कार वीडियो पर टिप्पणियाँ पढ़कर मुझे और भी बुरा लगा। जहाँ कई लोग उनकी प्रशंसा कर रहे थे, वहीं दूसरे लोग उन्हें नज़रअंदाज़ कर रहे थे। यहाँ मेरा उद्देश्य किसी भी तरह से उनका बचाव करना नहीं है। चलिए आगे की बात करते हैं।




बहुत शोर मचाया जा रहा है कि आईआईटी बाबा ने सरकारी फ़ंड वाली सीट बरबाद कर दी। मेरी राय में जो लोग ऐसा कहते हैं, उन्हें कुछ बुनियादी बातों को समझने की ज़रूरत है। बहुत ज़्यादा पढ़ाई करने के बाद, अभय सिंह को आईआईटी में दाखिला मिल गया और उन्होंने अपनी डिग्री हासिल की। उन्होंने कोर्स में कोई बाधा नहीं डाली। फिर, इस तर्क से,आईआईटी के बाद एमबीए और यूपीएससी करने वालों ने सीटें बरबाद कर दीं। तो फिर, मुझे बताइए कि उन्होंने सीटें कैसे बरबाद कीं। अगर उन्होंने कोर्स पूरा नहीं किया होता, तो भी यह तर्क कुछ हद तक सही होता, लेकिन चूँकि उन्होंने एयरोस्पेस इंजीनियरिंग पूरी की है, इसलिए किसी को यह दावा नहीं करना चाहिए कि उन्होंने अपनी सीट बरबाद कर दी। देखिए कि उनका नज़रिया कितना बेहतरीन है। उनके पास सब कुछ था सबसे अच्छी औपचारिक शिक्षा, सबसे अच्छी नौकरी, विदेश यात्रा, गर्लफ्रेंड और रिश्ते। फिर उन्होंने अपने अंदर खालीपन महसूस किया और संन्यास की राह पर चलने का फ़ैसला किया। मुझे कहना होगा कि वे एक ईमानदार व्यक्ति लगते हैं। वे हरियाणा के मूल निवासी हैं। झज्जर, हरियाणा में ही उनका जन्म हुआ। उनकी माँ घर पर रहती हैं जबकि उनके पिता वकालत करते हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा के लिए झज्जर में पढ़ाई की। वे कम उम्र से ही एक असाधारण छात्र थे। उन्होंने आईआईटी बॉम्बे से एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की। फिर उन्हें तीन लाख रुपये का पैकेज मिला और वे अपनी नौकरी के लिए कनाडा चले गए। लॉकडाउन के कारण वे कनाडा में ही फंस गए। इस बार उन्होंने अपने जीवन पर अधिक चिंतन करना शुरू किया। भारत आने के बाद, वे एक नए आध्यात्मिक मार्ग पर चल पड़े। वे बहुत-सी तीर्थयात्राओं पर गए। वे अपनी वर्तमान जीवनशैली से संतुष्ट नहीं थे। इसलिए वे बहुत आध्यात्मिक हो गए। वे हमेशा अपना घर छोड़ना चाहते थे। वे ज़ोर देकर कहते थे कि सभी माता-पिता दिव्य प्राणी नहीं होते। वे सही कहते हैं कि बहुत से माता-पिता केवल अपने बच्चों को जन्म देते हैं और उनके पालन-पोषण के बारे में ज्यादा नहीं सोचते। आध्यात्मिक शब्दावली में वह चीज़ जो सब कुछ पार कर जाती है उसे सत्य कहा जाता है। उन्होंने यहाँ तक कहा कि हर कोई मेरी आईआईटी डिग्री को ही दर्शाता है। मैं उस पर ध्यान आकर्षित नहीं करना चाहता। व्यक्तिगत रूप से, मैं उससे कहीं ज़्यादा हूँ। उनके माता-पिता को छह महीने पहले ब्लॉक कर दिया गया था। उन्होंने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। चूँकि उन्होंने होशपूर्वक जीवन जिया और चले गए, इसलिए उनके विचार बहुत शुद्ध हैं। इसलिए, कृपया उन्हें पाखंडी कहना बंद करें। अपनी आध्यात्मिक यात्रा में, वे अविश्वसनीय रूप से ईमानदार और प्रतिबद्ध हैं। सत्य और जीवन के उद्देश्य की निरंतर खोज के माध्यम से ही औसत व्यक्ति आध्यात्मिकता से प्रबुद्ध होता है। यू ट्यूबर ने बाबा अभय सिंह का साक्षात्कार लिया। इसके बाद, उन्होंने खुलासा किया कि आध्यात्मिकता को आगे बढ़ाने के लिए सब कुछ छोड़ने से पहले वे आईआईटी में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल कर रहे थे।अभय सिंह चाहते तो अपने आईआईटी के नाम का इस्तेमाल एक सफल व्यवसाय शुरू करने और बाबा बनने के लिए कर सकते थे। हमने बहुत से आध्यात्मिक गुरुओं को देखा होगा जो खुद को मार्केट करने के लिए आई आईटी,आई आईएम टैग का इस्तेमाल करते हैं। इंटरव्यू के दौरान, अभय सिंह ने पहले रिपोर्टर को यह भी नहीं बताया कि वह एक आईआईटीयन हैं। अपनी शैक्षिक पृष्ठभूमि के बारे में रिपोर्टर के सवाल के जवाब में, अभय सिंह ने जवाब दिया, ÷हाँ, मैं आईआईटी बॉम्बे से हूँ।÷ अभय सिंह ने सच की तलाश करके वाकई एक मिसाल क़ायम की है। आप उनके इंस्टाग्राम पर जाकर देख सकते हैं कि वह कितने ज्ञानी हैं। प्रशंसा वास्तव में उस व्यक्ति की है जिसने सब कुछ त्याग दिया है और आध्यात्मिक मार्ग पर चल रहा है। उसने सत्य की खोज में सभी सांसारिक सुखों से मुंह मोड़ लिया। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए आध्यात्मिकता की ओर अपनी यात्रा शुरू की। जो शून्य हैं वही शिव से मिल सकते हैं उनके दो उद्धरणों में से एक है जिसे मैं हमेशा याद रखूँगा। कहाँ जाओगे चलते चलते? यहीं आओगे। आखिरकार मुझे इस नकली दुनिया में कोई सच्चा मिल गया।

## कविता
### अशफाक-ए-अश्क (सहारा आंसू का)

घटती-घटना



जयंती खूंटे
चिल्हाटी,बिलासपुर
छत्तीसगढ़

बुल्डोजर जब चला तब एक 7 साल का
बच्चा रोता बिलखता...अल्फाजों से कुछ
नहीं कह सकता,मगर अपनी आंसुओ से
मानों सिसक-सिसक कर
बयां कर रहा हो.
अब चल गई है आशियांनो पर बुल्डोजर
सब खैरियत की बात क्यू करते हैं साहब।
मां मेरी शब भर मुझे गोद में लिए
चूमती रही,रोती रही,
कैसे बताएं अब
अशफ़ाक- ए- अश्क है साहब।
कड़ाके की ठंड है, ठिठुर रहा हैं बदन,
दिल पे लगे जख्मों को
शुमार कर रहें हैं साहब।
नम आंखों से.....
आकिबत- ए -हवाला देकर
आशियाना जो छिन लिए,
तकल्लुफ क्या है पुछते क्यूं हैं साहब,
दर्द बेशुमार है सर पर से छत हटने का,
आब- ए -चश्म रुकते नहीं
अब्सारों से साहब।
मां मेरी गिड़गिड़ा रही
पिता भी रो-रो कर रहें
अस्बाब क्या है हमें भी
समझा दीजिये न साहब।
कैसे बताएं अब
अशफ़ाक- ए- अश्क है साहब ।।

# आधे-अधूरे ज्ञान के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का प्रयोग हो सकता है खतरनाक



संजीव ठाकुर
रायपुर छत्तीसगढ़,

अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज़ पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है।

अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई ,सऊदीअरबिया, कतर, मिस्र ,जॉर्डन,मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है।इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं.



खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर ,मिस्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34त्न बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें। यूं एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई है। यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैं। दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता है। राइट एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपो गेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा। -सम्पादक

CMYK

# आईजी ने रेंज स्तरीय दोष मुक्ति प्रकरणों की समीक्षा,695 प्रकरणों का किया गया निराकरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

आईजी अंकित गर्ग ने गुरुवार को रेंज स्तरीय दोषमुक्ति प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान 695 प्रकरणों का बारीकी से समीक्षा कर निराकरण किया गया। ऐसे मामलों पर विशेष चर्चा हुई जिसमें न्यायालय द्वारा अधिकांश प्रकरणों में आरोपियों के दोष मुक्ति होने के कारणों के संबंध में समीक्षा की गई।




हाल ही में आईजी के पर्यवेक्षण में सरगुजा में राज्य के प्रशिक्षकों (एनसीबी) के डायरेक्टर, पदाधिकारीयों एवं लोक अभियोजन अधिकारी के मौजूदगी में प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। जिसमें रेंज के डीएसपी से एएसआई स्तर के अधिकारी उक्त उपस्थित थे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य एनडीपीएस एक्ट के प्रकरणों में संलिप्त आदतन अपराधियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई किए जाने एवं अपराधियों की दोषसिद्धि प्रतिशत दर में वृद्धि हो सके और विवेचना की गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की तस्करी से कमाए हुए धन की कुर्की नीलामी करने के उद्देश्य से फाइनेंशियल इन्वेस्टिगेशन कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

समीक्षा बैठक में आईजी द्वारा गंभीर प्रकरणों में विवेचकों द्वारा विवेचना में किए जाने वाले त्रुटियों को दूर करने हेतु भौतिक साक्ष्यों को फोटो ग्राफी, वीडियो ग्राफी कर साक्ष्यों को सावधानी से एकत्र करने हेतु एवं त्रुटियों में सुधार करने हेतु अभियोजन अधिकारियों के समक्ष चर्चा किया गया। होस्टाईल हो रहे प्रार्थी एवं गवाहों को उनके द्वारा दिये गए अभिमत पर कायम रहने हेतु विवेचकों को प्रकरण के प्रार्थियों के साथ निरंतर सम्पर्क में रहने हेतु निर्देशित किये। जिससे की प्रकरण के प्रार्थी एवं गवाह अपने कथन को न्यायालय में निर्भीक एवं स्वतंत्र रूप से कथन दे सके। ताकि आरोपी न्यायालय से विचारणों उपरांत दोष सिद्ध हो सके। समीक्षा बैठक के दौरान डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर, एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह, एसपी सरगुजा योगेश पटेल, एसपी एमसीबी चंद्र मोहन सिंह, एसपी कोरिया रवि कुर्रे, एएसपी बलरामपुर विश्व दीपक त्रिपाठी एवं रेंज के समस्त जिला अभियोजन अधिकारी,आईजी रीडर सुभाष ठाकुर मौजूद रहे।

## 60 दिन के अंदर पेश करें चालान

महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित गंभीर प्रकरणों जैसे अनाचार एवं पास्को एक्ट के मामलो में एफआईआर के पश्चात नवीन कानून के तहत 60 दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से चालान पेश करने के संबंध में जानकारी देते हुए बोले कि प्रार्थी/पीड़िता जिनका न्यायालय में 183 बीएनएसएस के अंर्तगत कथन लिया गया है, वो अगर न्यायालय में ट्रायल के दौरान होस्टटाईल होते हैं तो उनके विरुद्ध धारा 307 बीएनएसएस के अंतर्गत कार्यवाही हेतु लोक अभियोजक के माध्यम से माननीय न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई साथ ही एनडीपीएस एक्ट/आबकारी एक्ट एवं सडक़ दुर्घटनाओं के प्रकरणों में हो रहे दोषमुक्ति के कारणों की समीक्षा कर विवेचना में आवश्यक सुधार हेतु कार्यशाला आयोजन करने का सुझाव दिए।

## 3 बच्चों के पिता के साथ लिव-इन में रह रही महिला की फांसी पर लटकी मिली लाश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सानीबर्रा में एक महिला की लाश फांसी पर लटकी मिली है। वह तीन बच्चों की पिता के साथ लिव इन में रह रही थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गुरुवार को पीएम पश्चात शव परिजन को सौंप दिया। प्रथम दृष्ट्या मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। पुष्टि के लिए पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सानीबर्रा के सुखरी भंडार निवासी सुमार साय गोंड़ शादीशुदा है तथा उसके 3 बच्चे हैं। इसी बीच उसका ग्राम लक्ष्मीपुर कठमुड़ा निवासी 23 वर्षीय युवती जानकी टेकाम से प्रेम संबंध स्थापित हो गया। इस पर वह जानकी टेकाम को नवंबर 2024 में अपने घर सुखरी भंडार ले आया। ऐसे में वह सुमार साय के साथ लिव-इन-रिलेशनशिप में रहने लगी। इस बात को लेकर सुमार साय की पत्नी परमेश्वरी गोंड़ हर दिन दोनों से विवाद करती रहती थी।बुधवार की शाम गांव में छेरता पर्व मनाया जा रहा था। इसमें शामिल होने सुमार साय की पत्नी अपने तीनों बच्चों को सुलाकर शामिल होने चली गई थी। इधर घर पर सुमार साय व जानकी थे। जब वह रात 9.30 बजे घर लौटी तो जानकी का शव परछी में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। उसके नाक से खून निकल रहा था, जबकि उसका पैर बेड पर टिका हुआ था। इसकी सूचना उदयपुर पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर दल-बल के साथ गुरुवार की सुबह मौके पर पहुंची। युवती परछी में घर की कंडी के सहारे लटकी हुई थी। पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भिजवाया। पीएम पश्चात शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस इसे आत्महत्या का मामला बता रही है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का पता चल सकेगा।



## नैक टीम ने पीजी कॉलेज का दूसरे दिन भी किया निरीक्षण, अच्छे ग्रेडिंग की उम्मीद

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर का नेशनल असेसमेंट एण्ड एक्रेडिटेशन काउंसिल (नैक) द्वारा विगत दो दिनों से निरीक्षण किया जा रहा था। 22 जनवरी को नैक की टीम के चेयरपर्सन डॉ.बी.आर. दुग्गर, कुलपति जैन विश्वभारती इंस्टीयुट, राजस्थान, मेम्बर को आर्डिनेटर डॉ. विश्वनाथ कलई, मंगलगंगोत्री, कर्नाटक एवं डॉ. थंगवेल रुक्मनमादन, पासकुट्टी, तामिलनाडु के द्वारा महाविद्यालय के शैक्षणिक गैर शैक्षणिक समस्त विभागों एवं शोध अध्ययन केन्द्रों ग्रंथालयों समस्त इकाईयों का गंभीरतापूर्वक निरीक्षण किया गया। 23 जनवरी को महाविद्यालय के शेष विभागों स्वशासी प्रकोष्ठ, कार्यालय एवं आईक्यूएसी के दस्तावेजों का गंभीरतापूर्वक निरीक्षण किया गया। भोजनावकाश पश्चात द्वितीय दिवस के अंत में विदाई बैठक में प्राचार्य एवं अपर संचालक सरगुजा संभाग प्रो. रिजवान उल्ला, द्वारा स्वागत, उद्बोधन किया गया। तत्पश्चात नैक पीयर टीम के चेयर पर्सन डॉ.बी.आर. दुग्गर, कुलपति जैन विश्वभारती इंस्टीटयुट, राजस्थान द्वारा समस्त शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक सदस्यों को सम्बोधित किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय परिवार की ओर से प्रचार्य, आईक्यूएसी समन्वयक एवं स्वशासी प्रकोष्ठ के नियंत्रक द्वारा शॉल और श्रीफल से नैक पियर टीम का सम्मानित किया गया और अंत में आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा द्वारा धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया गया। इन दो दिवसीय निरीक्षणोंपरांत महाविद्यालय परिवार को अच्छी ग्रेडिंग की उम्मीद है।



## कांग्रेस की सहप्रभारी जरिता लैतफलांग की मौजूदगी हुई बैठक,दो दिनों में टिकट तय होने की उम्मीद



- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नागरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर छत्तीसगढ़ कांग्रेस की सहप्रभारी जरिता लैतफलांग की मौजूदगी में आज जिला कांग्रेस कमेटी सरगुजा की महत्वपूर्ण बैठक राजीव भवन में हुई। 22 जनवरी की को शाम 6 बजे से रात 9 बजे एवं पुनः आज 11 बजे से 3 बजे तक लगातार जोन और सेक्टर अनुसार पदाधिकारियों की बैठक लेती रही। इस दौरान अम्बिकापुर नगर निगम के महापौर और पार्षद प्रत्याशियों से वन बाई वन मुलाकात भी किया। इस दौरान अम्बिकापुर नगर निगम चुनाव के लिए पीसीसी से नियुक्त प्रभारी बैकुंठपुर की पूर्व विधायक अम्बिका सिंहदेव भी उपस्थित रही। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य महापौर और पार्षद उमीदवारों की सूची को शॉर्टलिस्ट कर पैनल बनाना था। जरिता लैतफलांग ने जानकारी दी कि उम्मीदवारों के नाम आगामी 2 दिनों में तय कर लिए जाएंगे। 25 जनवरी को प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पीसीसी की बैठक ले रहे हैं। उसके उपरांत सूची जारी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी चयन में प्रत्याशी की पार्टी के लिए सक्रियता महत्वपूर्ण रहेगी। उन्होंने कहा कि अम्बिकापुर नगर निगम चुनाव में कांग्रेस अपनी उपलब्धियों को लेकर पूरी एकजुटता और पूरे ताकत के साथ उतरेगी। उन्होंने कहा कि 2014 से 2024 के अपने कार्यकाल के दौरान नगर निगम अम्बिकापुर की बॉडी ने महापौर डॉ अजय तिर्की के नेतृत्व में शहर को अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति दिलाई है, जबकि उसके पूर्व निगम में 10 वर्षों तक सत्तारूढ़ रहने वाली भाजपा ने सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार किया है। विगत दो दिनों से जारी बैठक में पूर्व केबिनेट मंत्री अमरजीत भगत, औषधीय पादप बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक, 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन सीमित के उपाध्यक्षअजय अग्रवाल, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, पीसीसी उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, पीसीसी महामंत्री द्वितेंद्र मिश्रा सहित सभी जोन और सेक्टर प्रभारी मौजूद थे।

## शतचंडी महायज्ञ की पूर्णाहुति आज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



शहर के शिवधारी कॉलोनी में 16 जनवरी से शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। महायज्ञ की पूर्णाहुति 24 जनवरी को होगा। जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं को रुद्राक्ष और प्रसाद का वितरण किया जाएगा। 25 जनवरी को माता की प्रतिमा विसर्जन किया जाएगा और उसके पश्चात भंडारा का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ सेवा समिति ने अधिक से अधिक श्रद्धालुओं को उपस्थित हाने की अपील की है। पंडित दीपक कृष्ण शास्त्री की चित्रकूट से पधारे हैं उनके साथ पंडितों की विशेष टीम है, जो भजन के साथ कथा का वाचन किया जा रहा है। महायज्ञ जगत के कल्याण एवं भारत देश के विकास के लिए किया जा रहा है।

## जिला कांग्रेस अध्यक्ष के फर्म में चोरी,रिपोर्ट दर्ज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता के फर्म महामाया मिल स्टोर में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने ताला तोडक़र मोटर, कंप्यूटर सहित लगभग 19 हजार रुपए नकदी पार कर दिया है। इसके अलावा चोरों ने फर्म में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी ले गया है। रिपोर्ट पर गांधीनगर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश गुप्ता का शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र के रिंग रोड में महामाया मिल स्टोर के नाम से फर्म है। बुधवार की रात फर्म को बंद कर स्टाप व संचालक सभी अपने-अपने घर चले गए थे। गुरुवार को राकेश गुप्ता को जानकारी मिली की फर्म का ताला टूटा हुआ है। चोरों ने मोटर, कंप्यूटर सहित 19 हजार रुपए नकदी चोरी कर ले गए। इस दौरान चोरों ने फर्म में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी अपने साथ ले गया है। मामले की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कर रही है।

## बैंक से रुपए निकालकर जा रहे किसान से 20 हजार रुपए की ठगी

### 21 जनवरी की घटना, किसान की रिपोर्ट पर जांच में जुटी लखनपुर पुलिस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

लखनपुर बैंक से एक किसान 20 हजार रुपए निकाला था। बैंक द्वारा दो-दो सौ रुपए मिले थे। किसान अपने नाती के साथ जैसे ही बैंक से बाहर निकला बाइक सवार एक महिला व पुरूष ने कहा कि दो-दो सौ रुपए का नोट दे दो बदले में आपको पांच-पांच सौ रुपए का नोट दे रहा हूं। किसान विश्वास में आकर 20 हजार रुपए दे दिया। इसके बाद दोनों रुपए लेकर फरार हो गए। पीड़ित किसान ने मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कोरजा नावापारा निवासी मिलन राम ने पुलिस को बताया है कि उसका बैंक खाता जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक लखनपुर में है। रुपये की जरूरत पडऩे पर 21 जनवरी को सुबह वह अपने गांव से नाती संजय के साथ लखनपुर स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक आया था। बैंक से 20 हजार रुपये निकालने के बाद 11.25 बजे दिन में बाहर निकाला। जैसे ही वह अपने नाती के साथ घर जाने के लिए निकल रहा था, उसी समय बैंक के सामने लगभग 25-30 वर्ष का एक व्यक्ति आया और पैर छूकर बैंक से निकाले गए 200 रुपये के नोट की जरूरत बताते हुए चिल्हर मांगा और बदले में 500 रुपये वाला नोट देने की बात कहते हुए उसे बैंक के सामने से कुछ दूर पैलेस रोड की ओर ले गया। इस दौरान उसके साथ में नाती संजय भी था। यहां उक्त व्यक्ति के साथ एक महिला भी थी, जिसे उक्त युवक ने 200 रुपये का नोट दे देने के लिए कहा। 20 हजार रुपये हाथ में आने के बाद वह 500 रुपये का नोट लाकर देता हूं कहकर मोटरसायकल में महिला को बैठाकर अस्पताल रोड की तरफ चले गया। इसके बाद किसान अपने नाती के साथ मोटरसायकल सवार के आने का लगभग दो घंटे इंतजार किया लेकिन न तो युवक ही आया और न ही महिला आई। इसकी जानकारी वह आसपास के लोगों को देने के बाद लखनपुर थाने पहुंचा और घटना से अवगत कराया। पुलिस मामले में रिपोर्ट दर्ज करके मोटरसायकल सवार के तलाश में लगी है।



## नाबालिग को बहला फुसलाकार भगा ले जाकर शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म के मामले मे सरगुजा पुलिस की त्वरित कार्यवाही

- » थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मामले मे आरोपी के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही
- » पुलिस टीम द्वारा मामले मे नाबालिग को दस्तायाब कर की गई अग्रिम कार्यवाही
- » नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे सरगुजा पुलिस द्वारा की जा रही लगातार सख्त कार्यवाही

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

सरगुजा पुलिस द्वारा नाबालिग सम्बन्धी अपराधों मे शामिल आरोपियों पर लगातार सखूती से कार्यवाही कर धरपकड़ की जा रही हैं, इसी क्रम मे मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं प्रार्थिया दिनांक 05/12/24 कों थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि घटना दिनांक 03/12/24 कों प्रार्थिया की लड़की अपने घर से बिना किसी कों कुछ बताये कही चली गई हैं, जो वापस नही आई हैं, आस पड़ोस रिश्तेदारो मे पता तलाश करने पर भी पता नही चल रहा हैं, प्रार्थी द्वारा शंका व्यक्त किया गया हैं कि प्रार्थी की नाबालिग लड़की कों कोई अज्ञात व्यक्ति बहला फुसला कर भगाकर ले गया हैं मामले मे प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 868/24 धारा 137 (2) बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।



दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा नाबालिग का पता तलाश किया जा रहा था, दौरान पता तलाश नाबालिग कों दस्तायाब कर मामले मे अग्रिम कार्यवाही करते हुए महिला अधिकारी द्वारा नाबालिग से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किया गया जो पीड़िता बताई कि 02 वर्ष पूर्व बारियों निवासी हेमंत सांडिल्य से पीड़िता का जानपहचान्न हुआ था जानपहचान होने के बाद पीड़िता और आरोपी मोबाइल से बातचीत करते एवं मिलते थे,और आरोपी हेमंत सांडिल्य पीड़िता कों शादी करने का झांसा देकर कई बार जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं, घटना दिनांक कों आरोपी हेमंत सांडिल्य द्वारा पीड़िता कों बहला फुसला कर भगा ले जाकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित करना बताई हैं, पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी कों हिरासत मे लेकर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम हेमंत सांडिल्य उम्र 22 वर्ष साकिन चारपारा बारियों थाना राजपुर जिला बलरामपुर का होना बताया आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर पीड़िता कों बहला फुसला कर शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से प्रकरण मे 87, 64(2)(ड) बी.एन.एस. एवं पोक्सो एक्ट की धारा 4, 6 जोड़कर आरोपी कों गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, उप निरीक्षक दिलिप दुबे, महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव, आरक्षक रमन मण्डल, नितिन सिन्हा सक्रिय रहे।



# थाईलैंड में समलैंगिक विवाह को मिली मान्यता,ऐसा करने वाला दक्षिण पूर्व एशिया का पहला देश बना



**बैंकाक,23 जनवरी 2025।** थाईलैंड में अब समलैंगिक जोड़े विवाह कर सकते हैं। गुरुवार को थाईलैंड में समलैंगिक विवाह समानता कानून को मान्यता दे दी गई। जिसके बाद थाईलैंड ऐसा करने वाला दक्षिण पूर्व एशिया का पहला देश बन गया है। इसके अलावा, एशिया में ऐसा करने वाला नेपाल और ताइवान के बाद तीसरा देश बन गया है।

### स्रजक्त समुदाय के लिए एक बड़ी जीत

इस कानून को मान्यता देने के बाद अब 18 साल से अधिक उम्र का कोई भी जोड़ा वहां विवाह कर सकता है। इसे स्रजक्त समुदाय के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। इस समुदाय ने समान विवाह अधिकारों की वकालत करते हुए एक दशक से अधिक समय की लड़ाई लड़ी है।

### समलैंगिक जोड़ों को मिलेंगे ये अधिकार

यह कानून थाईलैंड में समलैंगिक जोड़ों को कानूनी रूप से अपने विवाह को पंजीकृत करने का अधिकार प्रदान करता है। इसके अलावा, उन्हें कानूनी, वित्तीय और चिकित्सा अधिकार के अधिकार के साथ ही गोद लेने और विरासत के अधिकार भी प्रदान करता है।

### पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने कही यह बात

इस मौके पर थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैटोंगटार्न शिनावात्रा ने कहा कि यह विवाह समानता कानून थाई समाज में लैंगिक विविधता के बारे में अधिक जागरूकता और जाति या धर्म की परवाह किए बिना सभी को गले लगाने की शुरुआत का प्रतीक है। यह इस बात का भी प्रतीक है कि हर कोई समान अधिकारों और सम्मान का हकदार है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया।

समलैंगिक विवाह समानता कानून को मान्यता मिलने के बाद, गुरुवार को थाईलैंड में सैकड़ों समलैंगिक जोड़े शादी करने जा रहे हैं। बैंकॉक प्राइड ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक जोड़ों ने सियाम पैरागॉन शॉपिंग सेंटर में शादी करने के लिए पंजीकरण कराया है।

### थाईलैंड से पहले कितने देशों में समलैंगिक विवाह को मंजूरी मिल चुकी है?

थाईलैंड को छोड़कर दुनिया में अभी 33 ऐसे देश हैं, जहां समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी मिली हुई है। हालांकि, ज्यादातर देशों में अदालत के फैसले के बाद ही समलैंगिकों को ये अधिकार मिला। समलैंगिक विवाह को मंजूरी देने वाला सबसे पहला देश नीदरलैंड बना। इसके अलावा ऑस्ट्रिया, ताइवान, कोलंबिया, अमेरिका, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, क्यूबा, डेनमार्क, स्वीडन, दक्षिण अफ्रीका, माल्टा, फिनलैंड, ब्रिटेन जैसे देशों में भी समलैंगिक विवाह को कानूनी मंजूरी मिली हुई है।

### कितने देशों में समलैंगिकता अवैध है?

एक रिपोर्ट के मुताबिक, कम से कम पांच अन्य देशों-पाकिस्तान, अफगानिस्तान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर और मॉरिटानिया में शरिया अदालतों के तहत समलैंगिक संबंधों पर मौत की सजा तक दी जा सकती है। ईरान, सोमालिया और उत्तरी नाइजीरिया के कुछ हिस्सों में भी यही बात लागू होती है। वहीं 71 देशों में समान-लिंग संबंध अप्राकृतिक संबंध कानूनों के तहत विभिन्न प्रकार के अपराध की श्रेणी में आते हैं। इन सभी में देशों में समलैंगिक संबंधों पर जेल की सजा हो सकती है।

# आज विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक को संबोधित करेंगे ट्रंप



**दावोस,23 जनवरी 2025।** अमेरिका ने नए राष्ट्रपति डोनाल्ड जे ट्रंप आज रात में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक को संबोधित करेंगे। 10:15 PM पर वे वर्चुअली इस बैठक में जुड़ेंगे।

अपनी आर्थिक नीतियों और अमेरिका फर्स्ट रुख के लिए जाने जाने वाले ट्रंप के संबोधन का उत्सुकता से इंतजार किया जा रहा है। खास तौर ट्रंप के शपथ लेने के बाद उनके हालिया बयानों और फैसलों के बाद उनका संबोधन और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गया है।

बता दें कि स्विट्जरलैंड के दावोस में 20 से 24 जनवरी तक विश्व आर्थिक मंच के शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वैश्विक चुनौतियों, आर्थिक परिवर्तनों और स्थिरता लक्ष्यों पर विचार-विमर्श करने के लिए यह एक मंच के रूप में कार्य करता है।

अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान ट्रंप की आर्थिक नीतियों ने वैश्विक स्तर पर गहरी छाप छोड़ी है। अपने पहले कार्यकाल में ट्रंप ने अमेरिकी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए विनियमन, कर कटौती और घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया था। इसके साथ ही उन्होंने कर कटौती और कॉर्पोरेट कर दरों में कमी करके व्यावसायिक निवेश को प्रोत्साहित किया था। हालांकि, ट्रंप की कई नीतियां विवादों से भी घिरी रही थीं।

चीन के साथ आर्थिक गतिरोध के चलते ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता की स्थिति हो गई थी।

# इस्राइली सेना ने लिया वेस्ट बैंक बस हमले का बदला,आईडीएफ ने दो फलस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया

**यरुशलम,23 जनवरी 2025।** इस्राइली सेना ने इस महीने की शुरुआत में वेस्ट बैंक में एक बस पर जानलेवा हमला करने वाले दो फलस्तीनी आतंकवादियों को मार गिराया है। इस्राइली सेना ने गुरुवार को बताया कि दोनों लोगों ने वेस्ट बैंक के गांव बुरकिन में एक ढांचे में खुद को घेर लिया और मारे जाने से पहले रात भर इस्राइली सैनिकों के साथ गोलीबारी की। वहीं इस गोलीबारी में इस्राइली सेना का एक सैनिक भी मामूली रूप से घायल हुआ है।

### हमास ने कबूला-सशस्त्र विंग के सदस्य थे दोनों

इस्राइली सेना ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए दोनों के नाम मोहम्मद नज्जल और कटिबा अल-शलाबी थे, जो इस्लामिक जिहाद आतंकवादी समूह के कार्यकर्ता थे। इधर हमास ने एक बयान जारी कर दावा किया कि दोनों लोग उसके सशस्त्र विंग के सदस्य थे और बस हमले की प्रशंसा की। हमास और छोटे और अधिक कट्टरपंथी इस्लामिक जिहाद सहयोगी हैं जो कभी-कभी एक साथ हमले करते हैं।

जनवरी में दूसरी बार कार्रवाई, अबतक पांच



फलस्तीनी आतंकी ढेर

इससे पहले जनवरी के पहले हफ्ते में इस्राइली सेना ने अपने कब्जे वाले वेस्ट बैंक में कई हमले किए, जिसमें तीन फलस्तीनी आतंकवादी मारे गए थे। सेना ने बताया कि तमुन में उनके जवानों पर गोली चलाई गई, जिसके बाद उन्होंने जवाबी कार्रवाई करते हुए हवाई हमले में दो फलस्तीनियों को मार गिराया। जबकि पास के गांव तालुजा में आमने-सामने की भिड़ंत में इस्राइली सेना ने एक अन्य आतंकी को ढेर कर दिया। इस दौरान एक इस्राइली सैनिक घायल हुआ था। सेना के अनुसार उसने इस इलाके में 20 से ज्यादा आतंकियों को गिरफ्तार किया है।


### क्या है वेस्ट बैंस बस हादसा?

6 जनवरी को इस्राइलियों को ले जा रही एक बस पर हुए हमले में तीन लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए थे। बता दें कि, इस्राइल ने 1967 के मध्यपूर्व युद्ध में वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था। फलस्तीनी चाहते हैं कि यह उनके भविष्य के राज्य का मुख्य हिस्सा बने।

# गलती से विमान में छूटी बिल्ली,24 घंटे तक हवाई यात्रा की,तीन बार की न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया की यात्रा

**वेलिंग्टन, 23 जनवरी 2025।** न्यूजीलैंड से एक अजीबोगरीब खबर सामने आ रही है। जहां एक मिटेंस नामक बिल्ली छोटी सी गलती के कारण जेटसेटर बन गई। दरसअल इस महीने एक मेन कून बिल्ली जिसका नाम मिटेंस है। जब उसका पिंजरा विमान के कार्गो होल्ड में छूट गया, तो उसने न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच 24 घंटे में तीन बार यात्रा की।

बता दें कि 8 साल की मिटेंस को 13 जनवरी को न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च से ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने नए घर के लिए एक साइड की यात्रा पर भेजा गया था। लेकिन जब उसके मालिक मार्गो नेस विमान से बिल्ली को उतारने का इंतजार कर रही थीं, तो तीन घंटे बाद भी मिटेंस का कोई पता नहीं चला। फिर ग्राउंड



स्टाफ ने बताया कि विमान न्यूजीलैंड वापस लौट आया था और मिटेंस अभी भी उस पर सवार थी। यह यात्रा लगभग 7.5 घंटे लंबी थी।

मेंटस की मालीक नेस को जब ये पता चला तो उन्होंने आश्चर्यचकित होकर उन्होंने कहा कि यह कैसे हो सकता है?, इसके बाद पता चला कि एयर न्यूजीलैंड के पायलट को उड़ान के दौरान बिल्ली के बारे में जानकारी दी गई थी और उसने कार्गो होल्ड में हीटिंग चालू कर दी थी ताकि मिटेंस आरामदायक रहे। ऐसा हुआ क्योंकि व्हीलचेयर के कारण बैगेज हैंडलर को मिटेंस का पिंजरा नजर नहीं आया था।

### मिटेस से मिलने के बाद नेस की प्रतिक्रिया

मिटेंस का वजन थोड़ा कम हो गया था, लेकिन उसे कोई नुकसान नहीं हुआ। नेस ने कहा कि वह बस मेरी बाहों में आकर लिपट गई और सबसे बड़ी झप्पी ली। यह बहुत राहत देने वाली बात थी। एयरलाइन ने इसके लिए माफी मांगी और कहा कि वह इस तरह की परेशानी को दोबारा न होने देने के लिए कदम उठाएगी।

ड्रैगन की चालबाजी

# अमेरिका में चीनी अधिकारी के घर पर चिपकाया था धमकी भरा नोट,अदालत ने सुनाई 16 महीने की सजा

**न्यूयार्क,23 जनवरी 2025।** अमेरिका के न्यू जर्सी में एक चीनी पूर्व अधिकारी जू जिन के घर पर धमकी भरा नोट चिपकाने वाले व्यक्ति को बुधवार को 16 महीने की जेल की सजा सुनाई गई है। धमकी भरा नोट चिपकाने मामले में अमेरिकी अधिकारियों ने आरोपी को दोषी पाया। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी चीन सरकार द्वारा चलाए जा रहे एक दबाव अभियान का हिस्सा था जो अमेरिका में प्रवासियों को डराया धमकाया करता था।

बता दें कि धमकी से भरे नोट मामले में दोषी झेंग कांगिंग नामक व्यक्ति, जो इस मामले में दोषी ठहराए गए तीन आरोपियों में से एक है। झेंग पर आरोप है कि चीनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वाले लोगों को डराने-धमकाने का काम किया करता था।



### विदेश में आलोचको को धमकाता है चीन

अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि चीन अपनी सरकार के आलोचकों और असंतुष्टों को विदेशों में परेशान करता है। हालांकि चीन ने इस आरोप को नकारते हुए इसे केवल भगोड़ों को वापस लाने का प्रयास बताया है।

### एक नजर पूरे मामले पर

चीन में रिश्चतखोरी के आरोपों का सामना कर रहे चीनी अधिकारी जू जिन के घर का ये मामला है। जब झेंग और उसके साथियों ने जू पर दवाब बनाने के लिए उनके घर पर एक धमकी भरा नोट चिपका दिया। इस नोट में झेंग जू को चीन वापस जाने की धमकी दी थी।

### झेंग पर लगे है ये आरोप

मामले में अमेरिकी अधिकारियों ने झेंग को साजिश रचने और पीछा करने का दोषी ठहराया गया, जबकि अन्य आरोपों से उसे बरी कर दिया गया। उसकी सजा 16 महीने है। एक अन्य आरोपी झू को दो साल की सजा सुनाई जा चुकी है, और एक अन्य आरोपी, माइकल मैकमोहन, को सर्दियों में सजा सुनाई जाएगी। बता दें कि इस मामले में तीन अन्य लोग पहले ही अपने अपराध को स्वीकार कर चुके हैं, जबकि पांच अन्य आरोपियों का मानना है कि वे चीन में हैं और उन्हें अमेरिका में अदालत में पेश नहीं किया जा सका।



# नाजी सैल्यूट विवाद को लेकर एलन मस्क का बड़ा कदम,विकिपीडिया को पैसे नहीं देने का किया आह्वान

**वाशिंगटन,23 जनवरी 2025।** अमेरिकी दिग्गज व्यवसायी एलन मस्क ने अपने विवादित सैल्यूट के बाद बड़ा कदम उठाते हुए विकिपीडिया को पैसे न देने का आह्वान किया है। बता दें कि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान एलन मस्क ने जोश में अपने हाथ को सीने से ऊपर की तरफ दो बार लहराया था। जिसकी तुलना नाजी सलामी से की जा रही है। यह इशारा पहले से ही विवादित था, लेकिन अब इसके साथ और विवाद जुड़ गए हैं। एलन मस्क विकिपीडिया को ट्रोल कर रहे हैं और उसे फंडिंग बंद करने की मांग कर रहे हैं। क्योंकि विकिपीडिया पर एलन मस्क के इस विवादित सलामी को लेकर एक अलग से सेक्शन बना गया है। वहीं बुधवार तक, विकिपीडिया पर एलन मस्क के बायोग्राफिकल पेज और नाजी सैल्यूट पेज, दोनों में इस घटना का जिक्र किया गया था।

### एक्स और विकिपीडिया के बीच विवाद

यह विवाद इंटरनेट की दो बड़ी कंपनियों -एलन मस्क की सोशल मीडिया साइट एक्स और विकिपीडिया-के बीच का है। यह दोनों प्लेटफॉर्म के मूल सिद्धांतों में बड़ा अंतर भी दिखाता है। एलन मस्क, एक्स के मालिक के रूप में, कंटेंट मॉडरेशन के नियमों को ढीला कर चुके हैं। इससे उनके प्लेटफॉर्म पर गलत जानकारी (डिसइंफॉर्मेशन) बढ़ गई है। इसके साथ ही वह खुद को डोनाल्ड ट्रंप का करीबी सहयोगी भी दिखा रहे हैं। दूसरी ओर, विकिपीडिया, जिसे अमेरिकी उद्यमी जिमी वेल्स ने शुरू किया, तथ्यात्मक निष्पक्षता को बनाए रखने का प्रयास करता है। मस्क का विकिपीडिया के प्रति गुस्सा उनके हाथ के इशारे पर केंद्रित हो सकता है, लेकिन विकिपीडिया की निष्पक्षता और मस्क की आलोचना इसे स्वाभाविक रूप से मस्क की नीतियों का विरोधी बनाती है।

# कांग्रेस जनता के बीच जाने से घबरा गई है : भारत सिंह सिसोदिया

» नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है: भारत सिंह

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

भाजपा सरगुजा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि पिछले 2018 के चुनावों में कांग्रेस ने बढ़ चढ़ कर घोषणा पत्र में जनता से सुझाव लेने की बात को प्रचारित किया था इसके लिए बाकायदा टी. एस. बाबा जगह-जगह घूम कर सुझाव लिए थे लेकिन इस बार नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में कांग्रेस ने जनता से कन्नी काट ली है।

भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव की तरह ही निकाय चुनाव में भी हमारा घोषणा पत्र जनता के सुझावों के आधार पर ही तैयार होगा। इन सभी सुझावों के आधार पर ही हम अपना घोषणा पत्र इस बार भी बनायेंगे। प्रदेश की प्रबुद्ध जनता के



सुझाव न केवल हमारी योजनाओं को दिशा देंगे, बल्कि हम यह सुनिश्चित भी करेंगे कि उसे निकायों के विकास के अपने रोडमैप में हम सम्मिलित कर सकें। जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कांग्रेस की कार्यशैली पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि पिछले 5 साल सरकार चलाते कांग्रेस ने जिस प्रकार जनता के सपनो को कुचला, अब वह जनता के बीच जाने से घबरा गई है। कांग्रेस का विजन केवल भ्रष्टाचार है, कांग्रेस का संकल्प केवल कुशासन है, ये कांग्रेस भी जानती है और जनता भी जान गई है। इसीलिए कांग्रेस ने जनता से सुझाव नहीं मांगे, वे जनता से इतना क्यों डर रहे है? उन्होंने बताया कि भाजपा ने 2023 में जनता से सुझाव मांगे जनता के सुझावों से अपना संकल्प पत्र बनाया और 1 साल में उसे पूरा भी किया, भाजपा अब फिर जनता के बीच जा रही है और इसके लिए whatsapp नंबर 9111014400 से, क्यूआर कोड को स्कैन करके और ई-मेल morsujhav@bjpcg.com अर्थात मोर सुझाव ऐट जी मेल डॉट कॉम भी जारी किया है।

# 36 वाँ सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत 'सारथी दिवस' के अवसर पर यातायात नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों का सम्मान करने सरगुजा पुलिस द्वारा की अपील

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2025 तक आयोजित 36 वाँ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत दिनांक 24/01/25 को सारथी सम्मान के जरिये अच्छे वाहन चालकों कों सम्मानित किया जाना हैं, इसके तहत ऐसे वाहन चालक जिनका व्यवहार/आचरण उत्तम हो, यातायात नियमों के उल्लंघन पर चालान न हुआ हो। जिनसे सड़क दुर्घटना न हुई हो, वाहन चलाते समय नशा न करते हो, वाहनों का बेहतर रखरखाव करते हो, साथ ही सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद की हो एवं यातायात नियमों की बेहतर जानकारी हो उन्हें वाहन स्वामी अथवा संस्था प्रमुख स्वयं ही सम्मानित करेंगे, प्रेरणा स्वरूप आयोजित सारथी सम्मान कार्यक्रम में समस्त शासकीय अशासकीय/ व्यवसायिक / निजी संस्थानों सहित व्यक्तिगत वाहनों में संलग्न उत्तम वाहन चालकों के सम्मान के साथ उनके आत्म विश्वास में अभिवृद्धि किये जाने तथा भविष्य में सड़क सुरक्षा के लिये नियमों के अनुपालन हेतु पहली बार ऐसा आयोजन किया जा रहा हैं।सरगुजा पुलिस अपील करती हैं कि बस, कार, जीप, टैक्सी, ऑटो सहित निजी वाहन अशासकीय/व्यावसायिक निजी संस्थानों से सारथी दिवस के अवसर पर समस्त वाहनों चालकों कों उनकी सेवाओं की मान्यता एवं प्रोत्साहन स्वरूप यथोचित सम्मान सहित धन्यवाद ज्ञापित करते हुए फोटो सरगुजा पुलिस के त्रिनेत्र हेल्पलाइन नंबर 9627344000 पर भेजे, आमनागरिकों से अपील हैं कि अपने अपने वाहन चालकों का अधिक से अधिक संख्या मे सम्मान करें एवं उक्त फोटो भेजकर वाहन चालकों कों प्रोत्साहित करें।




नाम निर्देशन का दूसरा दिन

# नगर पालिक निगम अम्बिकापुर में महापौर के लिए 01 और वार्ड पार्षदों के लिए 14 नामांकन पत्र किए गए क्रय

- संवाददाता -
अंबिकापुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नामांकन प्रक्रिया के दूसरे दिन गुरुवार को नगर पालिक निगम अम्बिकापुर हेतु महापौर के लिए 01 और वार्ड पार्षदों के लिए 14 नामांकन पत्र का क्रय किया गया। इस तरह अब तक महापौर के लिए कुल 02 और वार्ड पार्षदों के लिए 29 नामांकन पत्र क्रय किए गए हैं। आज दिनांक में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

वहीं नगर पंचायत लखनपुर में आज 01 अध्यक्ष एवं 1 पार्षद हेतु नामांकन पत्र दाखिल किया गया है तथा आज 05 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए।



अर्थात अब तक कुल 01 अध्यक्ष एवं 14 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए है। आज दिनांक तक नगर पंचायत लखनपुर में 1 अध्यक्ष एवं 2 पार्षद हेतु नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इसी प्रकार नगर पंचायत सीतापुर में आज 5 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए, यहां अब तक कुल 07 पार्षद हेतु नामांकन पत्र क्रय किए गए हैं। नगर पंचायत सीतापुर हेतु आज दिनांक तक किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया गया है।

# नल-जल योजना तीन माह से ठप्प एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडों परिवार के लोग



-सोनू कश्यप-
प्रतापपुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत दुददुली के पंडोपारा में सौर सुलजा योजना के तहत संचालित नल-जल योजना तीन माह से ठप है। कई बार सूचना के बाद भी विभाग ने इसकी सुध नहीं ली। इससे ग्रामीणों को कुएं एवं ढोढ़ी का पानी पीना पड़ रहा है। अपने दौरे के दौरान जनपद अध्यक्ष जगत लाल आयाम वहां पहुंचे थे जिन्हें ग्रामीणों ने चर्चा पर बताया कि ग्राम पंचायत दुलदुली के पंडोपारा में लगाए गए सौर सुजला नल-जल योजना के तहत नल कनेक्शन से लगभग 100 घरों के लोगों को पीने का पानी मिलता था। इन परिवारों को योजना से बड़ी राहत मिली थी। वहीं करीब तीन माह से अधिक समय से सौर सुजला के बोरवेल में खराबी आ जाने से पानी टंकी में पानी नहीं चढ़ पा रहा है एवं लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है। इसकी सूचना अधिकारियों को दी गई,लेकिन अब तक सुधार नहीं हो सका। गर्मी के मौसम आने वाला है ऐसे में पानी के लिए परेशान होने के बाद ग्रामीणों को ढोढी में दूषित जल पीना पड़ रहा है। यहां के ग्रामीण कुएं व ढोढ़ी से दूषित पानी पीने



### हाथी प्रभावित क्षेत्र में विद्युत ट्रांसफर जला गया... गांव के लोगों में दहशत

इसी ग्राम पंचायत के बैगा पारा का विद्युत ट्रांसफर भी जल गया है यह ग्राम पंचायत हाथी प्रभावित क्षेत्र में आता है और ऐसे में विद्युत नहीं होने से ग्रामीण दहशत में जिंदगी बिताने पर मजबूर है अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा करने की कोशिश की गई है लेकिन फोन नहीं उठा पाने से संपर्क नहीं हो पाया।

मजबूर हैं। इससेलोगों के बीमारियों की चपेट में आने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने जनपद अध्यक्ष से जल्द से जल्द योजना में सुधार की मांग की है। इस दौरान चर्चा करने पर जनपद अध्यक्ष ने चर्चा करने पर बताया गांव में दौरे दौरान ग्रामीणों से शिकायत मिली है अधिकारियों से चर्चा कर इस संबंध में जल्द से जल्द सुधरवाने की बात कही है।



## अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस की तैयारी किया निरीक्षण

-संवाददाता-
जशपुरनगर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय जशपुर के रणजीता स्टेडियम में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के लिए तैयारी जोरो से की जा रही है। जशपुर जिले में श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। अपर कलेक्टर श्री प्रदीप कुमार साहू ने आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर रणजीता स्टेडियम आयोजित होने वाले मुख्य समारोह का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री ओंकार यादव,जिला शिक्षा अधिकारी सहित अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। अपर कलेक्टर ने गणतंत्र दिवस समारोह के लिए मंच व्यवस्था, जनप्रतिनिधियों गणमान्य नागरिकों एवं पत्रकारों के लिए बैठक व्यवस्था व निमंत्रण पत्र, साउण्ड, पानी, बिजली, साफ-सफाई, गाड़ी पार्किंग, प्रवेश द्वार, परेड आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए है। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के द्वारा संदेश का वाचन किया जाएगा। साथ ही पुलिसकर्मी, स्वास्थ्यकर्मी एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया जायेगा ।

## नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 हेतु मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण सम्पन्न





-संवाददाता-
एमसीबी,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 की खड़गवां, मनेंद्रगढ़ और भरतपुर की मतदान दलों के प्रशिक्षण के लिए 78 मास्टर ट्रेनरों का प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद स्कूल मनेन्द्रगढ़ में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर टी. विजय गोपाल राव एवं वेद प्रकाश मिश्रा ने प्रशिक्षण के दौरान ईवीएम सेट के माध्यम से दो पदों पर मतदान प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि एक मतदान यूनिट में 16 पैनल का होता है। पहले पैनल में महापौर/अध्यक्ष पद के नाम का उल्लेख किया जाएगा, इसके बाद के पैनलों में अभ्यर्थियों के नाम, फोटो और निर्वाचन प्रतीक होंगे। अंतिम अभ्यर्थी के बाद के पैनल में उपर्युक्त में से कोई नहीं का प्रावधान रहेगा। दूसरे पद (पार्षद) के लिए भी इसी प्रकार पैनलों का विवरण रहेगा। यदि महापौर/अध्यक्ष के लिए पांच अभ्यर्थी हैं, तो पैनल दो से छः तक इनके लिए होंगे, और सातवां पैनल NOTA के लिए होगा। इसी प्रकार पार्षद पद के लिए आठवें पैनल से प्रारंभ होगा और 15 वां पैनल NOTA के लिए होगा। 16 वां पैनल लाल रंग का एण्ड बटन होगा, जिसे मतदान के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता। यदि अभ्यर्थियों की संख्या अधिक है, तो अतिरिक्त मतदान यूनिट जोड़े जा सकते हैं, परंतु चार से अधिक नहीं। चार यूनिट के माध्यम से अधिकतम 56 अभ्यर्थियों के लिए व्यवस्था की जा सकती है, जिसमें पद, नाम, प्रतीक चिन्ह और NOTA पैनल शामिल हैं। प्रत्येक मतदाता को महापौर/अध्यक्ष और पार्षद पद के लिए अलग-अलग मतदान करने का अधिकार होगा। मतदान प्रक्रिया में, प्रत्येक पद के लिए अलग-अलग लेबल स्थापित किए जाते हैं। मतदाता अपनी इच्छा अनुसार संबंधित बटन दबाकर अपना मत अभिलिखित कर सकता है। यदि कोई मतदाता किसी भी अभ्यर्थी को मत नहीं देना चाहता, तो वह NOTA बटन दबाकर यह दर्ज कर सकता है। यदि कोई मतदाता केवल एक पद के लिए मतदान करता है और एण्ड बटन दबाता है, तो इसे अंडर वोट माना जाएगा। यदि वह किसी भी बटन को दबाए बिना एण्ड बटन दबाकर बाहर आता है, तो इसे नो वोट कहा जाएगा। वहीं, यदि किसी भी बटन को दबाए बिना मतदान कक्ष से बाहर आता है, तो इसे अनफिनिश्ड वोटर माना जाएगा। सभी प्रकार के मतों का विवरण मतदान मशीन के नियंत्रण यूनिट में रिकॉर्ड किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में खड़गवां,मनेंद्रगढ़ और भरतपुर के सभी मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाने के लिए दिशा निर्देश

-संवाददाता-
जशपुरनगर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

निर्वाचन आयोग,नई दिल्ली के द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रोटोकॉल का पालन करते हुए 25 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को शपथ ग्रहण पूर्वान्ह 11.00 बजे लिये जाने हेतु निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार जिन राज्यों में शनिवार अवकाश रहता है, वहाँ 24 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस का शपथ ग्रहण किया जाएगा तथा जहाँ शनिवार को अवकाश नहीं है वहाँ शपथ ग्रहण पूर्ववत् 25 जनवरी, 2025 को आयोजित होगा। भारत निर्वाचन आयोग के उक्त निर्देश के परिपालन में छत्तीसगढ़ राज्य के कार्यालय जहां शनिवार अवकाश रहता है, वहां राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी 2025 को पूर्वान्ह 11.00 बजे आयोजित किया जाएगा। इस हेतु जशपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास ने भी इस संबंध निर्देशानुसार 24 जनवरी को शासकीय कार्यालय में अधिकारी-कर्मचारियों को पूर्वाह्न 11:00 बजे राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

## पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को नगरीय निकायों में निर्वाचन कराने हेतु दिया गया प्रशिक्षण

### विकासखंड स्तर पर मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया प्रशिक्षण





-संवाददाता-
जशपुरनगर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकायों एवं त्रिस्तरीय पंचायतों हेतु अधिसूचना जारी होने के साथ जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में निर्वाचन हेतु तीव्र गति से तैयारियां की जा रही हैं। जिसके तहत गुरुवार को पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों को नगरीय निकायों में सफलतापूर्वक चुनाव कराने हेतु सभी विकासखंड स्तर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा मतदान प्रक्रिया, मतदान सामग्री की जांच, ईवीएम की क्रियाविधि, पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी और तृतीय मतदान अधिकारी के कार्यों की विस्तार पूर्वक जानकारी देने के साथ ही उन्हें सौंपे गए कर्तव्यों के निर्वहन के बारे में बताया गया। साथ ही वास्तविक मतदान हेतु सीलिंग आदि के बारे में जानकारी दी गई। पीठासीन और मतदान अधिकारियों को राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दौरान संपादित किए जाने वाले कार्यों के संबंध में जारी किए गए दिशा-निर्देशों एवं आदेशों को ध्यानपूर्वक अध्ययन कर उसके पालन करने के बारे में भी बताया गया। ज्ञात हो कि नगरीय निकायों हेतु निर्वाचन की सूचना एवं नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति 22 जनवरी से प्रारंभ होगी तथा नाम निर्देशन पत्र 28 जनवरी अपराह्न 03 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। अभ्यर्थी 31 जनवरी तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान की प्रक्रिया 11 फरवरी को प्रातः 8 बजे से अपराह्न 5 बजे तक की जाएगी और मतगणना एवं परिणामों की घोषणा 15 फरवरी को की जाएगी।

## चिरमिरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत उधनापुर में हसदेव नदी से बड़े पैमाने पर रेत का उत्खनन किया जा रहा है...

### वन अमला क्षेत्र में नहीं करता है निरीक्षण साठ-गाँठ कर चल रहा है रेत का अवैध उत्खनन का कार्य


### रेत उत्खनन के कार्य में वन अमले ने दे रखी है खुली छूट

### वन समिति कर रही है वन परिक्षेत्र से हो रहे अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन पर खुलेआम उगाही

-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गवां,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

चिरमिरी वन परिक्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन का कार्य धडल्ले से जारी है उधनापुर मे अवैध रेत का उतखनन वन परिक्षेत्र मे धडल्ले हो रहा है। और अवैध इमारती लकड़ियों की भी कटाई खुले आम हो रही है रहे और जंगलों से बड़े पैमाने पर अवैध रेत का परिवहन खुले आम करके सैकड़ो ट्रेक्टर रेत प्रतिदिन परिवहन किया जा रहा है। चिरमिरी रेंज के वन कर्मी एवं फॉरेस्ट ऑफिसर कमीशन खोरी में व्यस्त है जिससे चिरमिरी के जंगल नष्ट और उत्खनन बड़े जोरों पर हो रहा हैं। गौरतलब है कि खडगवा वन परिक्षेत्र से लगे ग्राम उधनापुर समेत आस पास चिरमिरी वन परिक्षेत्र के जंगलों में बड़े पैमाने पर अवैध उत्खनन रेत मिट्टी मुरूम खुदाई माफियाओं द्वारा खुले आम की जा रही है जिन पर वन विभाग के द्वारा इन माफियाओं पर कार्यवाही करने में हाथ पांव फूलने लगते है। स्थानीय ग्राम वासियों का मानना है कि वन अमला नाम भर का है किसी तरह से अवैध उत्खनन माफिया जंगलों में पहाड़ों के नीचे जेसीबी लगाकर खुले आम खुदाई करते है। और वन विभाग को मौखिक सूचना देने के बाद भी किसी तरह से कोई कार्यवाही नही की जाती हैं। इस तरह जिस रफतार से अवैध रेत का उत्खनन हो रहा है आने वाले समय में पहाड़ जंगल पूरी तरह से नष्ट हो जाएगा जिसका जिम्मेदार वन विभाग होगा। ऐसे में देखा जा सकता है जिनका काम वन सम्पदा की रक्षा करने का दायित्व दिया गया है वे खुद ही वन संम्पदा की अवैध खुदाई कराने में संलिप्त है। वन क्षेत्र में पदस्थ वन कर्मी नहीं उठाते है फोन और नहीं करते हैं वन क्षेत्र का भ्रमण जिससे खुले आम हो रहा है वन संपदा दोहन।

# पटना के दो महान नेता की मर्जी से मंडल अध्यक्ष नहीं बना पाए पर अध्यक्ष व पार्षद प्रत्याशी इनकी मर्जी से बनेगा कैसे?



**क्या दोनों महान नेताओं के घर में कोई नहीं है प्रत्याशी या फिर उन पर वह पैसे लगाकर चुनाव जीतने की नहीं ले सकते जोखिम?**

**पटना की राजनीति कुछ उच्च कोटि की है यहां सिर्फ दो सर्वोच्च नेता है...जिनकी मर्जी कभी-कभी चलती है और कभी-कभी नहीं चलती**

**चुनाव लड़वाने से ज्यादा दिलचस्प होती है पैसा कमाने में**

## एक नेता की वजह से 35 साल पुराना भाजपाई कांग्रेस में चला गया...दूसरे नेता अपने दुकान में प्रतिदिन बैठने व काम करने वाले को पार्षद प्रत्याशी बनाने की होड़ में...

### क्या दूसरे प्रत्याशी के पैसे पर चुनाव जीतने की लेते हैं गारंटी?

यह दो नेता की चर्चा इस समय पटना चुनाव में आम है प्रत्याशियों का विरोध जितना नहीं है उतना विरोध इन दो नेताओं का है जो प्रत्याशियों को भी नुकसान पहुंचा सकता है, यह बात शायद प्रत्याशियों को भी ना पता हो पर यह अंदर खाने की सच्चाई है, जिसे प्रत्याशी भी अनजान होंगे लोगों का कहना यह है कि यह नेता अपने दम पर गारंटी लेने वाले व चुनाव जितवाने वाले नेता नहीं है, यह दूसरे प्रत्याशियों पर उनके पैसे के दम पर गारंटी लेने वाले नेता हैं? क्योंकि इनके पास निष्पक्ष पूर्वक काम करने की रणनीति नहीं है स्वर्थ पूर्वक काम करने की रणनीति ही रही है, यह हम नहीं कह रहे यह पटना के लोग का कहना है जो नगर पंचायत चुनाव में प्रत्याशियों का भाग तय करेंग।

### प्रत्याशियों को इन दो नेताओं की दूरी ही जीत दिला सकती है...

जानकारों का ऐसा कहना है कि प्रत्याशी का चेहरा उतना खराब नहीं है जितना उन दो नेताओं का चेहरा है जो उसे प्रत्याशी के साथ खड़े रहने से प्रत्याशी को नुकसान पहुंच सकता है, अब ऐसे में प्रत्याशी को अपने विवेक व मतदाताओं के आग्रह पर ही चुनाव मैदान पर उतरना होगा तभी जीत के करीब पहुंच सकते हैं।

-संवाददाता-
बैकुण्ठपुर/पटना,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

कोरिया जिले का इकलौता नगर पंचायत पटना में पहली बार चुनाव हो रहा है, पटना की राजनीति भी कुछ अलग ही बयां कर रही है, पटना में भाजपा से दो दिग्गज नेता जो सर्वोच्च नेता में गिने जाते हैं, कहा जाए तो पटना के लिए यह बहुत बड़े नेता हैं पर उनकी नेतागिरी अपने पटना से मंडल अध्यक्ष बनने में नहीं चली, पर अब जब सामने नगर पंचायत चुनाव है तब वह अपनी नेतागिरी चमक रहे हैं, अध्यक्ष से लेकर पार्षद प्रत्याशियों का चयन इन्हीं नेताओं के हाथ की कठपुतली बना हुआ है, क्षेत्र में एक सवाल यह भी है कि जब इतने बड़े जन आधार वाले नेता हैं सर्वमान्य नेता है तो क्या अपने घर से किसी प्रत्याशी को अध्यक्ष पद के लिए आगे नहीं कर सकते थे? या फिर उन्हें अपने सर्वमान्य होने पर भी संदेह है? इसलिए वह दूसरों के पैसे पर प्रत्याशी चयन करते हैं और दूसरों के पैसे पर प्रत्याशी को जितने का दम भरते हैं, अपने ऊपर ना तो पार्टी का दायित्व लेते हैं और नाहीं जिम्मेदारी लेते हैं, खुद इतने बड़े नेता होने के बावजूद अध्यक्ष से लेकर पार्षद प्रत्याशियों के चैन में अपनी ही पार्टी को तोड़ते नजर आए,जहां एक वर्ड का प्रत्याशी जो 35 साल से भाजपा की सेवा कर रहा था वह छोड़कर कांग्रेस चला गया, वहीं दूसरी तरफ अपने आप को महान बताने के लिए अपने दुकान में काम करने वाले कर्मचारियों को पार्षद प्रत्याशी बना रहे हैं, यह बात अच्छी है कि किसी गरीब तपके को मौका मिल रहा है पर यह मौका सिर्फ उसे गरीब तबके को इसलिए मिल रहा है क्योंकि वह उसे नेता के अधीनस्थ है, यदि वह नेता ऊंची सोच वाले होते तो शायद सड़कों पर झाड़ू लगाने व कचरा उठाने वाले व्यक्ति को भी पार्षद प्रत्याशी व अध्यक्ष प्रत्याशी भाजपा से बना कर अपनी महानता साबित कर सकते थे, पर क्या यह उनकी महानता सिर्फ अपने कर्मचारियों तक ही सीमित रह गई? या फिर उससे पार्षद बनने के बाद लाभ लेना ही उनका धेह होगा या फिर वह प्रत्याशी जीतने के बाद उनके हाथों की कठपुतली होगा? जिसे प्रत्याशी बनाने की तयारी है वह व्यक्ति वाकई में एक गरीब तबके का व्यक्ति है उसे प्रत्याशी बनाना इतना बुरा नहीं है जितना उसके नेता के सोच में खोट नजर आ रही है वह। वह व्यक्ति उसे नेता का समर्पित व्यक्ति है ना की पार्टी का समर्पित।



### क्या आठ नंबर वार्ड के प्रत्याशी को उपाध्यक्ष बना लेंगे उनके नेता?

आठ नंबर वार्ड पर भाजपा प्रत्याशी जिसे बनाना चाहते हैं नेताजी वह वाकई में संविधान पर खडा उतरने वाली बात है और एक अलग ही छाप छोड़ सकते हैं,पर क्या इस प्रत्याशी को नगर पंचायत उपाध्यक्ष तक भी पहुंचने का जिम्मा लेंगे? या फिर यह गरीब तबके का प्रत्याशी जीत के बाद आमिर तपके के प्रत्याशी के नीचे दबकर सिर्फ पार्षद तक ही सीमित रह जाएगा? क्योंकि नेताजी के समर्थक झाड़ू लगाने वाले को संविधान में चुनाव लड़ने का अधिकार है बता रहे है, पर चुनाव में प्रत्याशी बना सिर्फ उस नेता के नीचे काम करने का इनाम ही माना जा सकता है, जो राजनीति में आलोचना का विषय है। संविधान में तो मजदूर भी विधायक बन सकता है, तो फिर सड़क पर झाड़ू लगाने वाला व कचरा उठाने वाला भी चुनाव लड़कर पार्षद से लेकर कई पद हासिल कर सकता है, पर सवाल यह है की निस्वार्थ भाव से ऐसे लोगों का चुनाव हो पता है? या फिर सिर्फ वहवाही तक ही सीमित रह जाता है? अब जब झाड़ू लगाने वाले के चुनाव लड़ने की अधिकार के बात हो रही है तो अब यह भी महत्वपूर्ण हो गया है कि चुनाव लड़वाने वाले को उपाध्यक्ष तक पहुंचने का भी जिम्मा नेता जी को लेना चाहिए जो वास्तव में पार्टी के लिए सहित क्षेत्र के लिए भी एक मिसाल होगी।

## महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ध्वजारोहण कर लेंगी परेड की सलामी

-संवाददाता-
बलरामपुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।



जिले में 76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2025 गरिमामय वातावरण में मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस लाईन ग्राउंड बलरामपुर में आयोजित किया जायेगा। मुख्य समारोह में महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगी। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े मुख्यमंत्री द्वारा जनता के नाम प्रेषित संदेश का वाचन करेंगी तथा देश के लिए शहीद हुए परिवारों को सम्मानित करेंगी। इसके साथ ही मुख्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों प्रस्तुति होगी। साथ ही अवसर पर जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

## जाबो कार्यक्रम अंतर्गत कन्या आश्रम प्रतापपुर की छात्राओं ने निकाली रैली





-संवाददाता-
सूरजपुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत आम चुनाव के स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने के लिए जिले में जाबो (जागव बोटर) कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतत्य में कन्या आश्रम विकासखंड प्रतापपुर जिला सूरजपुर में अध्ययनरत छात्राओं, समस्त शिक्षक व स्टॉफ द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान की रैली का आहवन किया गया । रैली में छात्राओं ने जनमानस को मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया।




## समस्त कार्यालयों में मनाया जाएगा राष्ट्रीय मतदाता दिवस

-संवाददाता-
एमसीबी,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

प्रत्येक वर्ष 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है। निर्वाचन आयोग के द्वारा इस वर्ष 15 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस 25 जनवरी को प्रातः 11:00 बजे प्रत्येक कार्यालय शपथ ग्रहण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम 24 जनवरी 2025 एवं जिन कार्यालय में शनिवार को अवकाश नहीं है उन कार्यालयों में 25 जनवरी 2025 को कार्यरत समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा पूर्वाह्न 11:00 बजे शपथ लेने की कार्यवाही कर फोटोग्राफ्स जिला कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होने की अपील की है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने और नागरिकों को अपने मताधिकार के उपयोग के प्रति प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

## कलेक्टर ने की गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा

### 24 जनवरी को होगा फुल ड्रेस रिहर्सल



-संवाददाता-
बलरामपुर,23 जनवरी 2025 (घटती-घटना)।

जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन ग्राउंड में 26 जनवरी को आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा ने अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर अतिथियों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने समारोह स्थल पर चिकित्सा दल और उपचार की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई, कुर्सियां और बैरिकेडिंग का काम समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को झांकियों के संबंध में निर्देश देते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए समय पर झांकियां तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस समारोह से पहले 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से पुलिस लाइन ग्राउंड में फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी। जिसमें सभी संबंधित अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें।

इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री अमित श्रीवास्तव, सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के संबंध में कलेक्टर ने ली बैठक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र कटारा ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के सुचारू संपादन के लिए संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्षता के साथ निर्वाचन के लिए सभी अधिकारी सौंपे गये दायित्वों का निष्ठा एवं जिम्मेदारी पूर्वक निर्वहन करें। कलेक्टर ने सभी को निर्वाचन के नियमों का पालन करने के निर्देश दिये। उन्होंने नाम निर्देशन कि प्रक्रिया की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मतदान हेतु आवश्यक सामग्री, मतपेटी के वितरण, मतगणना की व्यवस्था, प्रशिक्षण व्यवस्था के साथ ही स्ट्रांग रूम में सम्पूर्ण तैयारियां सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही उन्होंने त्रुटि रहित निर्वाचन सम्पन्न कराने को कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर, अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्री प्रमोद गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव एवं समस्त जनपद पंचायत के रिटर्निंग, सहायक रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित थे।

# अब दूसरा टी 20 मुकाबला होगा कल

**नई दिल्ली, 23जनवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज शुरू हो चुकी है। पहला मैच जो कि अहमदाबाद में खेला गया, उसे भारतीय टीम ने 7 विकेट से अपने नाम कर लिया है। यानी टीम इंडिया अब पांच मैचों की सीरीज में 1.0 से आगे हो गई है। अब बारी दूसरे मुकाबले की है। हालांकि पहले मैच में इंग्लैंड की टीम ज्यादा बड़ा स्कोर नहीं बना सकी, इसलिए ज्यादा धूमधड़ाका भी देखने के लिए नहीं मिला, लेकिन अब दूसरे मैच से ऐसी उम्मीद की जा सकती है।




### 25 जनवरी को चेन्नई में खेला जाएगा भारत बनाम इंग्लैंड दूसरा मुकाबला

भारत बनाम इंग्लैंड सीरीज का दूसरा मुकाबला दो दिन के गैप के बाद होगा। यानी ये मैच 25 जनवरी दिन शनिवार को खेला जाएगा। मुकाबला चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में होगा। जो शाम को सात बजे शुरू होगा। इससे करीब आधे घंटे पहले यानी साढ़े छह बजे टॉस होगा। उसके बाद मैच शुरू होगा। चेन्नई की पिच स्पिनर्स की मदद करने के लिए विख्यात है। पहले मैच में ही इंग्लैंड की टीम भारतीय स्पिनर्स को नहीं खेल पाई, चेन्नई में क्या होगा, ये देखना काफी ज्यादा दिलचस्प होगा।

### पहले मुकाबले में काफी कमजोर दिखी इंग्लैंड की टीम

सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी और 20 ओवर में अपने सभी विकेट खोकर केवल 132 रन ही बना सकी। टीम इंडिया के पास जिस तरह की धाकड़ बल्लेबाजी है, उसके सामने ये स्कोर काफी बौना साबित हुआ। भारत ने केवल तीन ही विकेट के नुकसान पर 12.5 ओवर में ही दिया गया लक्ष्य हासिल कर लिया और मैच को सात विकेट से अपने नाम कर लिया।

### चेन्नई में भी इंग्लैंड के सामने होगी स्पिनर्स की चेतावनी

इंग्लैंड के सामने असली चुनौती अब अगले मैच में भारतीय स्पिनर्स को खेलना होगा। चेन्नई में भी अगर वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई ने उसी तरह की गेंदबाजी की, जैसी पहले मैच में की थी, तो इंग्लैंड के लिए मुश्किल हो जाएगी। अगर मैच टीम इंडिया जीतने में सफल होती है तो फिर सीरीज भी जीत के करीब पहुंच जाएगी, क्योंकि फिर बचे हुए तीन मैचों में से भारत को केवल एक ही मुकाबला जीतना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया का स्टार खिलाड़ी हॉल ऑफ फेम में हुआ शामिल



### जीत चुका है वर्ल्ड कप

**मेलबर्न, 23जनवरी 2025।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क को उनके क्रिकेट करियर की शानदार उपलब्धियों के कारण ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इस बात की घोषणा की, और बुधवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित एक भव्य समारोह में उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया। इस सम्मान के साथ, माइकल क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 64 वें खिलाड़ी बने हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इस सम्मान की घोषणा के बाद अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को बधाई। इस सम्मान को प्राप्त करना क्लार्क के क्रिकेट करियर के प्रति उनके समर्पण का प्रमाण है। अपने 12 साल के करियर में क्लार्क ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को कई यादगार क्षण दिए हैं। उन्होंने टेस्ट और वनडे क्रिकेट दोनों में शानदार प्रदर्शन किया और क्रमशः 49.10 और 44.58 की औसत से 8643 और 7981 रन बनाए। क्लार्क की बल्लेबाजी में एक विशेष आकर्षण था, जो उन्हें न केवल ऑस्ट्रेलिया बल्कि दुनिया भर में एक बड़े खिलाड़ी के रूप में स्थापित करता है।



## रणजी ट्रॉफी में इस खिलाड़ी पर लगा एक मैच का बैन

### महाराष्ट्र को लगा तगड़ा झटका

**नई दिल्ली, 23 जनवरी 2025।** रणजी ट्रॉफी की सीजन शुरू हो चुका है। कई स्टार खिलाड़ी इस बार टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं। इसी बीच महाराष्ट्र के एक बल्लेबाज पर एक मैच का बैन लगा दिया गया है। यह खिलाड़ी कोई और नहीं बल्कि अंकित बावने हैं। उनको असहमति जताने के लिए एक मैच का निलंबन दिया गया है। नासिक में बड़ौदा के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के छठे दौर के ग्रुप ए मैच से पहले टीम को इस फैसले की जानकारी दी गई।

# गुकेश वर्ल्ड रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचे

### हाल ही में बने थे वर्ल्ड चैंपियन

**नई दिल्ली, 23जनवरी 2025।** वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज कराई है और वह अब फिडे की नई रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही, उन्होंने अर्जुन एरिगैसी को पीछे छोड़ते हुए भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले शतरंज खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। गुकेश ने यह उपलब्धि गुरुवार को हासिल की, जब उन्होंने नीदरलैंड के विज्क आन जी में चल रहे प्रतिष्ठित टाटा स्टील टूर्नामेंट में जर्मनी के विंसेंट कीमर को हराया। यह इस टूर्नामेंट में उनकी दूसरी जीत थी। यह कदम गुकेश के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल ही में उन्हें भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार, ध्यान चंद खेल रत्न से नवाजा गया था।




उनकी रेटिंग अब 2784 अंक हो गई है, जबकि एरिगैसी 2779.5 अंकों के साथ पांचवे स्थान पर खिसक गए हैं। इस प्रकार, गुकेश ने एरिगैसी को पीछे छोड़ते हुए उन्हें भारत के नंबर एक शतरंज खिलाड़ी के रूप में हराया।

### गुकेश की रेटिंग

वर्ल्ड रैंकिंग में नॉर्वे के महान खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं, और वह निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी हैं। इसके बाद, अमेरिका के ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802 अंक) और फैबियानो कारुआना (2798 अंक) का नंबर आता है। डी गुकेश के लिए यह उपलब्धि उनके शतरंज करियर में एक और मील का पत्थर है। पिछले साल दिसंबर में, उन्होंने सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता था, जो उनके लिए एक ऐतिहासिक पल था।

### ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी

अर्जुन एरिगैसी ने पिछले साल सितंबर में भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी का दर्जा हासिल किया था। उन्होंने दिसंबर में अपनी सर्वोच्च रेटिंग 2801 अंक प्राप्त की थी, जिससे वह 2800 अंक या उससे अधिक रेटिंग हासिल करने वाले दुनिया के 15वें और भारत के दूसरे खिलाड़ी बने थे, पहले थे विश्वनाथन आनंद। इस तरह, गुकेश की यह नई उपलब्धि शतरंज के क्षेत्र में उनकी शानदार प्रगति और समर्पण को दर्शाती है, और वह भविष्य में और भी बड़ी सफलताएं हासिल करने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं।



## क्या जोकोविच 25 की अपनी खोज जारी रख पाएंगे

**मेलबर्न,23जनवरी 2025।** अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नोवाक जोकोविच चौथी बार किसी मेजर में आमने-सामने होंगे। पीटर स्टेपल्स/एटीपी टूर में अलेक्जेंडर ज्वेरेव और नोवाक जोकोविच चौथी बार किसी मेजर में आमने-सामने होंगे। नोवाक जोकोविच ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन में दर्द के बावजूद कार्लोस अल्काराज़ को मात दी और रिकॉर्ड 25 वीं बार मेजर जीतने की अपनी उम्मीदों को ज़िंदा रखा। स्पैनियार्ड के खिलाफ़ तीन घंटे, 37 मिनट की लड़ाई के बाद शारीरिक रूप से कमज़ोर, सवाल यह है कि क्या सर्बियाई खिलाड़ी शुक्रवार को अपने 50 वें मेजर सेमीफ़ाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिडने़ पर उस जीत को दोहरा पाएंगे।

## सीएबी ने ईडन गार्डन्स में एक स्टैंड का नाम दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर रखा



**कोलकाता,23जनवरी 2025।** भारत और इंग्लैंड के बीच टी20 सीरीज के पहले मैच के दौरान, क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) ने बुधवार को यहां प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में दिग्गज तेज गेंदबाज झूलन गोस्वामी के नाम पर एक दर्शक स्टैंड का आधिकारिक रूप से अनावरण किया।सीएबी ने कहा कि उसने आयोजन स्थल पर एक और स्टैंड का नाम वीर सैन्य युद्ध नायक कर्नल एन.जे. नायर के नाम पर रखा है, जिसका अनावरण अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने किया। इसके साथ ही झूलन पहली प्रमुख महिला क्रिकेटर बन गई हैं, जिनके नाम पर स्टेडियम में स्टैंड का नाम रखा गया है। उन्होंने मैच शुरू होने से पहले ईडन की पारंपरिक घंटी भी बजाई, जिसे भारत ने सात विकेट से जीता।

गांगुली ने सीएबी के बयान में कहा,सीएबी की ओर से, मैं कर्नल एन.जे. नायर और झूलन गोस्वामी स्टैंड का अनावरण करने का अवसर लेता हूं। इस यादगार शाम का हिस्सा बनना मेरे लिए सम्मान की बात है, क्योंकि हम इन दो प्रतिष्ठित हस्तियों की बहादुरी और उपलब्धियों को सलाम करते हैं।

पद्मश्री और अर्जुन पुरस्कार विजेता झूलन को अक्सर महिला क्रिकेट खेलने वाली सबसे तेज़ गेंदबाज़ों में से एक माना जाता है।

# कर्नाटक के सामने सिर्फ 55 रन पर ढ़ेर हुई पंजाब



### शुभमन-प्रभसिमरन-रमनदीप बुरी तरह फ्लॉप

**नई दिल्ली, 23 जनवरी 2025।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा टीम इंडिया के स्टार खिलाड़ियों को रणजी ट्रॉफी खेलने का दिया गया आदेश फिलहाल सफल होता दिखाई नहीं दे रहा है। रणजी खेलने उतरे अधिकांश स्टार खिलाड़ी फ्लॉप रहे हैं। बात अगर शुभमन गिल की पंजाब की करें तो कर्नाटक के सामने इस टीम का बुरा हाल है।. गिल खुद भी फ्लॉप रहे हैं। शुभमन गिल ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में फ्लॉप रहे थे। उन्हें रणजी खेलने की सलाह बोर्ड ने दी थी। गिल कर्नाटक के खिलाफ रणजी खेलने उतरे लेकिन फ्लॉप रहे. गिल की पारी की शुरुआत करने उतरे थे लेकिन 8 गेंद पर सिर्फ 4 रन बनाकर आउट हो गए।कर्नाटक ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। मयंक अग्रवाल का ये फैसला बिल्कुल सही साबित हुआ। कर्नाटक के गेंदबाजों ने पंजाब को पहली पारी में सिर्फ 55 रन पर समेट दिया। 16 रन बनाकर रमनदीप सिंह टॉप स्कोरर रहे. मयंक मार्कंडे ने 12 रन बनाए। वी कौशिक ने 4, अभिलाष शेट्टी ने 3, प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 और यशोवर्धन प्रताप ने 1 विकेट लिए।

# सूरमा हॉकी क्लब फाइनल से एक कदम दूर

**रांची, 23 जनवरी 2025।** जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब महिला हॉकी इंडिया लीग 2024-25 के फाइनल में पहुंचने से एक कदम दूर है। फाइनल में पहुंचने के लिए उन्हें शुक्रवार को रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ कम से कम एक अंक हासिल करना होगा।




मुख्य कोच जूड मेनेजेस ने मैच से पहले कहा,इस पूरे अभियान के लिए हमारा दृष्टिकोण यह रहा है कि हम हर मैच जीतना चाहते हैं। इसलिए, हम अब केवल श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स के खिलाफ मैच पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। यह इस स्तर पर हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण मैच है, इसलिए हम एक-एक कदम आगे बढ़ा रहे हैं और उस मैच के बाद, हम आगे देखते हैं कि हमें क्या करना है। हमें अभी भी अगले मैच में अच्छा प्रदर्शन करना है।

सूरमा लीग में शानदार प्रदर्शन कर रही है। वे पूल चरण में अंतिम मैच से पहले 10 अंक अर्जित करने के लिए तीन जीत और एक ड्रॉ हासिल करके तालिका में शीर्ष पर हैं। सोनम ने शानदार फॉर्म में रहते हुए सूरमा के लिए पांच मैचों में चार गोल किए हैं, जबकि चार्लोट एंगलबर्ट ने दो गोल किए हैं। हालाँकि, उनके सभी 11 गोल ओपन प्ले से आए हैं, जिसमें टीमें लीग भर में पेनल्टी कॉर्नर को भुनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने समझाया, हम शुरुआती जाल से जूझ रहे हैं। मुझे लगता है कि अधिकांश टीमें इससे जूझ रही हैं क्योंकि अगर आप आसपास की अन्य टीमों को भी देखें, तो बहुत अधिक पेनल्टी कॉर्नर नहीं बनाए गए हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि हमें इस पर काम करते रहना चाहिए और उम्मीद है कि हम वास्तव में वहां से कुछ परिणाम प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन हम अपने फॉरवर्ड के मामले में बहुत मजबूत इकाई हैं और हमारा डिफेंस भी काफी कॉम्पैक्ट और मजबूत है। इसलिए, हमारे पास जो गुणवत्ता है, उसके साथ हम जानते हैं कि हमारे पास गोल करने की क्षमता है।

# यामी गौतम-प्रतीक गांधी स्टारर एक्शन-कॉमेडी से भरपूर धूम धाम का टीजर आउट

एक्शन-कॉमेडी से भरपूर यामी गौतम और प्रतीक गांधी स्टारर धूम धाम का टीजर आउट हो चुका है। एक मिनट 31 सेकंड के टीजर में एक्शन के साथ कॉमेडी भी देखने को मिली जहां फिल्म के मुख्य किरदार (यामी और प्रतीक) दुश्मनों को मजा चखाते नजर आए।फिल्म मेकर्स ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर टीजर को लॉन्च किया।टीजर की शुरुआत प्रतीक और यामी के साथ बैठने और बैकग्राउंड में लाल दुपट्टे वाली जरा नाम तो बता गाने के साथ होती है। इसके बाद उनके कमरे में गुंडे घुस जाते हैं। चारों ओर गोलियों की बौछार के साथ टीजर में एक्शन का तड़का दिखता है। फिल्म में एक्शन के साथ कॉमेडी का मिक्सअप कमाल का है। 14 फरवरी को नेटफ्लिक्स पर रिलीज को तैयार फिल्म दर्शकों को रोमांचक सफर पर ले जाने का वादा करती है।धूम धाम में कोयल (यामी गौतम) गुस्सैल और साहसी लड़की के किरदार में हैं। वहीं, प्रतीक डरपोक लड़के के किरदार में हैं। टीजर से पहले धूम धाम' मेकर्स ने फिल्म का मजेदार फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया था। नेटफ्लिक्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के पोस्टर के साथ मजेदार कैप्शन देते हुए लिखा था, रिश्ते के लिए हमें डीएम (डायरेक्ट मैसेज) ना करें क्योंकि हमारी शादी धूम धाम' से होने वाली है। सोशल मीडिया पर अखबार के डिजाइन में साझा पोस्टर में एक तरफ यामी गौतम और दूसरी तरफ अभिनेता प्रतीक गांधी की तस्वीर लगी है। यामी की तस्वीर के नीचे लिखा है, दूल्हा चाहिए, नाम कोयल चड्ढा (मुंबई) शादी योग्य उम्र, संस्कारी, आध्यात्मिक और घरेलू लड़की। सुशील परिवार। योग्य दूल्हे की तलाश है। शादी एक जंगली सवारी है और मैं कोई यात्री राजकुमारी नहीं हूं। अगर मेरे डॉगी (कुत्ता) तुम्हें पसंद करते हैं, तो रिश्ता पक्का समझो।वहीं, दूसरी ओर प्रतीक गांधी की तस्वीर के नीचे लिखा है, दुल्हन चाहिए। डॉ. वीर, उम्र 29 वर्ष, गुज्जू बॉय (गुजरात में रहने वाले लोगों को गुज्जू बॉय कहते हैं)। पशु चिकित्सक। कुंवारे जीवन से रिटायर होना चाहता हूं इसलिए सही महिला की तलाश है। ड्राई राज्य (अहमदाबाद रॉक्स) में रहता हूं, लेकिन आपको हर हाल में प्यार करने के लिए तैयार हूं। एडवेंचर मेरा मध्य नाम है। आपके दिल में गरबा करूंगा। कृपया मुझसे 989*****2 नंबर पर संपर्क करें।धूम धाम के बारे में अभिनेत्री यामी गौतम ने हाल ही में प्रशंसकों को एक अपडेट भी दी थी। उन्होंने बताया कि धूम धाम फिल्म के साथ वह प्रशंसकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। ऋषभ सेठ के निर्देशन में तैयार धूम धाम को यामी के पति और निर्माता-निर्देशक आदित्य धर ने अपने भाई लोकेश धर के साथ प्रोड्यूस किया है।




# मुंबई में ठिकाना ढूंढने भटक रही यामिनी मल्होत्रा

बिग बॉस 18 की कंटेस्टेंट रहीं यामिनी मल्होत्रा इन दिनों मुंबई में रहने के लिए घर की तलाश कर रही हैं। यामिनी दिल्ली से मुंबई शिफ्ट होना चाहती हैं लेकिन उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर शेयर कर बताया है कि उन्हें कितनी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।दरअसल, बिग बॉस 18 के बाद यामिनी अब मुंबई में रहना चाहती हैं लेकिन उन्हें रहने के लिए छत नहीं मिल रही है। वह पिछले कई दिनों से घर की तलाश कर रही हैं लेकिन कोई भी उन्हें अपने घर में किराए पर रहने नहीं दे रहा है। इन सब चीजों से परेशान होकर यामिनी ने अब सोशल मीडिया का सहारा लिया है। यामिनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए बताया है कि उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।यामिनी ने सोशल मीडिया पर जो तस्वीर जारी की है उसमें उन्होंने लिखा है कि उन्हें कुछ ऐसा शेयर करना पड़ रहा है जो उनके लिए काफी निराशाजनक रहा है। यामिनी ने लिखा- जितना मैं मुंबई से प्यार करती हूं, यहां फ्लैट मिलना उतना ही मुश्किल होता जा रहा है। मुझसे सवाल पूछे जा रहे हैं कि मैं हिंदू हूं या मुसलमान, गुजराती हूं या मारवाड़ी।जैसे ही लोगों को पता चलता है कि मैं एक्ट्रेस हूं, वे सीधे मना कर देते हैं। यामिनी ने आगे एक सवाल लिखा कि क्या एक्टर होने के नाते मैं घर खरीदने के लायक नहीं हूं। यह बहुत ही आश्चर्यजनक बात है कि साल 2025 में भी लोग आपसे ऐसे सवाल पूछते हैं। क्या हम वाकई मुंबई को सपनों का शहर कह सकते हैं अगर ये सपने कुछ शर्तों पर पूरे हों।






# दीपिका पादुकोण की फिल्म पद्मावत सिनेमाघरों में फिर हो रही रिलीज

संजय लीला भंसाली की फिल्मों की बात कुछ अलग होती है। उनकी मूवीज में एक्टर के साथ सीन में नजर आ रहा हर एलिमेंट एक अलग कहानी कह रहा होता है। भंसाली अपने ग्रैंड सेट्स के लिए भी काफी मशहूर हैं। ऐसी ही एक फिल्म अब सिनेमाघरों में पहुंचने वाली है जिसका नाम पद्मावत है। इसे पहली रिलीज के 7 साल बाद इसे फिर से सिल्वर स्क्रीन पर उतारा जा रहा है।वॉयकॉम 18 स्टूडियो और भंसाली प्रोडक्शन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर हाल ही में एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में पीरियड ड्रामा फिल्म का पोस्टर शेयर कर उसकी री-रिलीज का ऐलान किया गया है। वॉयकॉम 18 स्टूडियो के मुताबिक, पद्मावत फिल्म 24 जनवरी 2025 को फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज की जाने वाली है। फिल्म को देखने के लिए फैंस काफी एक्साइटेड हैं और कमेंट में जमकर अपने रिएक्शन दे रहे हैं।पद्मावत की टक्कर की अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने होने वाली है।

# छत्तीसगढ़ में निवेशकों के लिए बिछाया रेड कारपेट:साय

» मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से किया संवाद

» इन्वेस्टर मीट में छत्तीसगढ़ को मिले 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। मुंबई में हाल ही में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में छत्तीसगढ़ के लिए विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) के रास्ते खुल गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मुंबई में अमेरिकी कॉन्सल जनरल और रशिया कॉन्सल जनरल से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने छत्तीसगढ़ में निवेश की इच्छा जताते हुए राज्य के अनुकूल कारोबारी माहौल की सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि नई औद्योगिक नीति के कारण अब तक छत्तीसगढ़ ने लगभग 1 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित किए हैं। ये प्रस्ताव हाल ही में रायपुर, दिल्ली और मुंबई में आयोजित इन्वेस्टर कनेक्ट समिट के दौरान प्राप्त हुए।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इन्वेस्टर्स कनेक्ट मीट में देश के प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों से सीधा संवाद किया। मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने नई उद्योग नीति के माध्यम से निवेशकों के लिए रेड कारपेट बिछाया है। इस दौरान उन्होंने निवेशकों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए प्रमुख उद्योगपतियों से छत्तीसगढ़ सरकार को छह हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव भी प्राप्त हुए। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इन्वेस्टर कनेक्ट मीट के दौरान अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के काउंसल जनरल श्री माइक हैंकी व रूस के काउंसल जनरल इवान फेटिसोव से मुलाकात की। इस दौरान काउंसल जनरल ने स्वास्थ्य, शिक्षा, आईटी और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। इस मीट में उद्योग विभाग के मंत्री श्री लखन लाल




देवांगन, छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ की इन्वेस्टमेंट कमिश्नर सुश्री ऋतु सैन और सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री विश्वेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए हैं।

### कई प्रमुख उद्योग समूहों ने राज्य में निवेश के दिए प्रस्ताव

इन्वेस्टर कनेक्ट मीट में अम्बुजा सीमेंट लिमिटेड ने राज्य में 2367 करोड़ के निवेश प्रस्ताव की घोषणा की। वहीं बॉम्बे हॉस्पिटल ट्रस्ट ने राज्य में विश्वस्तरीय अस्पताल बनाने की इच्छा जताई है, जिसके लिए उन्होंने 700 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया है। नया रायपुर में अस्पताल की स्थापना से न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि आसपास के राज्यों को भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। प्लास्टिक और टेक्सटाइल के क्षेत्र में अग्रणी वेलस्पन ग्रुप ने छत्तीसगढ़ में 500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना साझा की है। वहीं ड्रूल्स कंपनी ने पालतू जानवरों के आहार के उत्पादन को बढ़ाने के लिए राजनांदगांव में 625 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की है। कंपनी द्वारा ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए 30 मेगावॉट सोलर पावर प्लांट भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही क्रिटेक टेक्नोलॉजीज ने राज्य में आईटी क्षेत्र में 600 करोड़ रुपये का निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। नन्टेक्स मशीनरी ने 45 करोड़ और नन्टेक्स इंडस्ट्रीज ने 39.50 करोड़ तथा पिडिलाइट इंडस्ट्रीज 80 करोड़ व विजन प्लस सिक्योरिटी ने 50 करोड़ के निवेश की योजना साझा की है। इन सबके साथ ही अन्य कंपनियों को मिलकर कुल 6000 करोड़ के निवेश प्रस्ताव छत्तीसगढ़ को मिले हैं।मीट के दौरान आदित्य बिड़ला ग्रुप के अध्यक्ष श्री कुमार मंगलम बिड़ला ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात कर राज्य में अपने उद्योगों के विस्तार के बारे में चर्चा की। आदित्य बिड़ला ग्रूप द्वारा छत्तीसगढ़ में वस्त्र, पेंट और आभूषण के क्षेत्र में निवेश की सम्भावना जताई है। वहीं गोदरेज समूह की कार्यकारी निदेशक तान्या डुबाश ने भी छत्तीसगढ़ में रासायनिक उर्वरक, कृषि और खाद्य प्रसंस्करण के साथ-साथ मोल्डेड फर्नीचर निर्माण के क्षेत्र में निवेश की संभावना व्यक्त की है।

## ऊर्जा और खनिज उत्पादन में छत्तीसगढ़ अग्रणी

मुख्यमंत्री ने बताया खनिज संसाधनों और विद्युत उत्पादन के मामले में छत्तीसगढ़ देश के अग्रणी राज्यों में से हैं। जो कोर इंडस्ट्री के लिए सबसे जरूरी खनिज हैं, जैसे कोयला, लोहा और बाक्साइट आदि, यह छत्तीसगढ़ में प्रचुरता से है और स्वाभाविक रूप से हमारा प्रदेश स्टील, सीमेंट और एलुमीनियम आदि के उत्पादन में अग्रणी राज्यों में से है। 25 हजार मेगावाट उत्पादन क्षमता के साथ छत्तीसगढ़ जीरो पावर कट राज्य है। देश के 16 प्रतिशत स्टील और 15 प्रतिशत एल्यूमीनियम का उत्पादन छत्तीसगढ़ में होता है। छत्तीसगढ़ देश का एकमात्र राज्य है जो टिन का उत्पादन करता है। इलेक्ट्रिक व्हीकल सेगमेंट में लीथियम जरूरी है। छत्तीसगढ़ में न केवल लीथियम के बड़े भंडार मिले हैं अपितु हम लीथियम ब्लाक की नीलामी करने वाले पहले राज्य हैं।

## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### कारोबारी श्रवण की जमानत याचिका खारिज




**पूर्व चेयरमैन सोनवानी समेत कई गिरफ्तार**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ पीएससी घोटाले के मामले में जेल में बंद कारोबारी श्रवण कुमार गोयल को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। इस दौरान सीबीआई ने श्रवण कुमार के खिलाफ चार्जशीट पेश की, जिसमें पर्चा लीक, नौकरी के लिए धन लेन-देन और ट्रांजैक्शन का पूरा ब्यौरा शामिल है।

### अफसर मनोज कुमार सोनी को नहीं मिली जमानत

**मनी लॉन्ड्रिंग केस में कोर्ट का सख्त रुख**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग और राइस मिलर्स से अवैध वसूली के



मामले में फंसे नागरिक आपूर्ति निगम के विशेष सचिव और मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज कुमार सोनी की जमानत याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने पर्याप्त साक्ष्यों का हवाला देते हुए कहा कि मामले की गंभीरता और आरोपी की भूमिका को देखते हुए जमानत देना उचित नहीं होगा।

### आर्टिका कार से 50 पेटी शराब जब्त किया गया सप्लायर हुआ गिरफ्तार



गरियाबंद,23जनवरी 2025(ए)।. छत्तीसगढ़ में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले शराब की डिमांड बढ़ गई है। ऐसे में प्रशासन भी अवैध शराब परिवहन और अवैध शराब बिक्री को लेकर अलर्ट मोड पर है। अमलीपदर पुलिस ने बीती रात ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाई जा रही अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने बारीघाट सीमा पर आर्टिका वाहन को रोक कर तलाशी ली। पुलिस की जांच में पूरी वाहन अंग्रेजी शराब से भरी मिली। पुलिस ने वाहन में मौजूद 50 पेटी से 200.300 लीटर शराब बरामद कर जब्त करते हुए आरोपी का गिरफ्तार कर लिया है।

### कथित पत्रकार रेप केस में गिरफ्तार

**जांच में आदतन अपराधी निकला**

शिवरीनारायण,23जनवरी 2025(ए)। तथाकथित पत्रकार एक बार फिर हुआ गिरफ्तार।



लगातार तथा कथित पत्रकार द्वारा जिले भर में अवैध वसुली करता था जिसके खिलाफ आज फिर एक पीडिता ने अपने पिता के द्वारा 22.01.2025 को थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराई।

# कांग्रेस पार्टी पर भितरघात का आरोप

**नवीन चंद्राकर कांग्रेस नेता ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को लिखा पत्र**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लेकर जारी बैठकों के बीच भितरघात के आरोपों ने राजनीतिक माहौल गरमा दिया है। राजधानी रायपुर में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिखकर पार्टी के भीतर भितरघात करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की अपील की है। इस पत्र ने कांग्रेस में खलबली मचा दी है।



नवीन चंद्राकर ने अपने पत्र में आरोप लगाते हुए लिखा कि 2019 में सदर बाजार वार्ड से उनकी पत्नी दीपा चंद्राकर को प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पूर्व पार्षद मनोज कंदोई ने भितरघात किया था। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने पीसीसी अध्यक्ष से साफ तौर पर कहा कि मनोज कंदोई और सतीश जैन को इस बार प्रत्याशी न बनाया जाए।

साथ ही, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि इन दोनों के अलावा किसी और को प्रत्याशी बनाया गया, तो उसे जीत दिलाना उनकी जिम्मेदारी होगी। नवीन चंद्राकर ने पत्र में यह आरोप भी लगाया कि 2019 में टिकट नहीं मिलने पर मनोज कंदोई ने भाजपा के एक वरिष्ठ नेता से मिलकर अपनी बहू को बीजेपी की टिकट दिलवाकर कांग्रेस प्रत्याशी को हरवा दिया।

## फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट बनाकर पुलिस में भर्ती हुए 3 कांस्टेबल

**प्रमाण-पत्र जारी करने वाले डॉक्टर पर गिरी गाज**

कवर्धा,23जनवरी 2025(ए)। फर्जी मेडिकल सर्टिफिकेट मामले में बड़ी कार्यवाई हुए है। सीएमएचओ ने जिम्मेदार अधिकारी को निलंबित कर दिया है। डॉ मनीष जॉय ने फर्जी तरीके से मेडिकल सर्टिफिकेट बनाया था। मनीष जॉय ने 3 युवाओं के लिए सर्टिफिकेट बनाया था। जांच के बाद आरोप सही पाए जाने के बाद यह कार्यवाई को गई है।




कवर्धा जिला अस्पताल में पदस्थ नेत्र सहायक अधिकारी डॉ मनीष जॉय को स्वास्थ्य विभाग के संभागीय संयुक्त संचालक ने सस्पेंड कर दिया है।

## आचार संहिता के बीच प्रशासनिक सेवा के 9 अफसरों का हुआ ट्रांसफर

**इलेक्शन कमीशन के निर्देश पर जारी हुआ आदेश**

रायपुर,23 जनवरी 2025(ए)।राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लागू होने के बीच प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। इस प्रक्रिया के तहत राप्रसे (राज्य प्रशासनिक सेवा) के 9 अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है।

स्थानांतरित अधिकारी और उनकी नई नियुक्ति
रीता यादव : अपर कलेक्टर, धमतरी
दीपक निकुंज : डिप्टी कलेक्टर, बलरामपुर
वेदनाथ चंद्रवंशी : डिप्टी कलेक्टर, बलरामपुर
नभ सिंह कोसले : संयुक्त कलेक्टर, धमतरी




अवंति गुप्ता : डिप्टी कलेक्टर, गरियाबंद
राकेश ध्रुव : डिप्टी कलेक्टर, बलरामपुर
नेहा भेड़िया : डिप्टी कलेक्टर, गरियाबंद
रंजना आहुजा : डिप्टी कलेक्टर, बलौदा बाजार
रजनी छड़ीमली : डिप्टी कलेक्टर, बलौदा बाजार

## जब्त पनीर गायब होने पर अधिकारी हुआ सस्पेंड

**नकली पनीर पहुंचा फिर वापस**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। सरकारी परीसर से लगभग ढाई हजार किलो पनीर गायब होने के मामले में



खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निलंबित कर दिया है। खाद्य नियंत्रक चंदन कुमार ने निलंबन आदेश जारी किया है। साथ ही पूरे मामले में जांच बिठा दी गई है। इस बात की पड़ताल की जा रही है की आखिर सरकारी परिसर से नकली पनीर चुराने वाला और खबर प्रसारण के बाद बड़ी मात्रा में पनीर वापस पहुंचाने वाला कौन है।

# केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे भूपेश बघेल




**लखमा और देवेंद्र यादव से मिले**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। केंद्रीय जेल रायपुर पहुंचे भूपेश बघेल ने लखमा और देवेंद्र यादव से मुलाकात की। एक्स में मुलाकात की जानकारी साझा करते बघेल ने कहा, आज केंद्रीय जेल,रायपुर पहुँचकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता,आदिवासियों की मुखर आवाज़ कवासी लखमा एवं युवा नेतृत्व,भिलाई विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात की। यह तानाशाह सरकार जनहित और अधिकार के लिए उठने वाली आवाजों को षड्यंत्र कर खामोश कर देना चाहती है. लेकिन अंत में विजय सत्य की होगी।

## भूपेश बघेल के ओएसडी रहे अफसर की होगी गिरफ्तारी




रायपुर,23जनवरी 2025(ए)।बहुचर्चित छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाला मामले में अब पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक और तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओएसडी रहे चेतन बोरघरिया को सीबीआई गिरफ्तार करने वाली है। दोनों प्रशासनिक अधिकारियों की गिरफ्तारी को लेकर सीबीआई ने सरकार से अनुमति मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक, अब यह खबर निकल कर सामने आई है कि साय सरकार के निर्देश के बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने अनुमति दे दी ।

## पार्षद ने हनुमानजी को दिया आवेदन

**तीन बार की पार्षद मांग रहीं महापौर पद के लिए टिकट**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर हलचल तेज हो गई है। टिकट के लिए दावेदार हर पैंतरे आजमा रहे हैं। इसी बीच एक अजब- गजब मामला सामने आया है राजधानी रायपुर से। यहां महापौर पद की दावेदारी को लेकर दौड़-भाग कर रही भाजपा पार्षद सरिता



वर्मा ने हनुमानजी के मंदिर में आवेदन दिया है। वरिष्ठ नेताओं के बाद भगवान से महापौर पद के लिए भाजपा से टिकट दिलाने के लिए आवेदन दिया है। सरिता वर्मा महामाया मंदिर वार्ड से तीन बार पार्षद रहीं हैं। अबकी बार वे महापौर पद के लिए दावेदारी कर रही हैं।

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी हुई वायरल



**बाइक से स्कूटी टकराई, तो लड़की को बीच सड़क पर मारा**

रायपुर,23जनवरी 2025(ए)। छत्तीसगढ़ में तेजी से बढ़ रहे सड़क हादसों को लेकर 15 जनवरी से 14 फरवरी से क सुरक्षा सप्ताह चलाया जा रहा है। इसी बीच राजधानी रायपुर में एक ट्रैफिक पुलिस के द्वारा युवती के साथ मारपीट का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में देखा जा रहा है कि पुलिसकर्मी एक युवती के मुंह में घूंसे मारते दिख रहा है। पुलिसकर्मी के इस व्यवहार से युवती डर गई और गो ी से क पर ही छो कर दूर जा खे ी हो गई।

## जंगल से भारी मात्रा में बम और बारूद बरामद

सुकमा,23जनवरी 2025(ए)। सुकमा जिले में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा जंगल में डंप किए गए भारी मात्रा में बारूद और बम बनाने के सामान को बरामद किया है। यह सामान नक्सलियों द्वारा किसी बड़े हमले की तैयारी के तहत छुपा कर रखा गया था। सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवानों द्वारा चलाए गए सर्च ऑपरेशन के दौरान यह डंप किया



गया सामान बरामद हुआ।जानकारी के मुताबिक, सुकमा जिले की कोबरा 203 और सीआरपीएफ की 131वीं बटालियन के जवानों ने दुलेड़ और मेटागुड़ा के नवीन कैंप से जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसी दौरान जवानों को एक गुफा मिली, जो चट्टानों के बीच छिपी हुई थी। गुफा में तलाशी के बाद जवानों ने 21 आईईडी (इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस), जनरेटर, बीजीएल (ब्रीचिंग गैन्स लांचर) बनाने की मशीन, बीजीएल सेल, पाइप और बड़ी मात्रा में बारूद बरामद किया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा साईं ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)